

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

■ रायपुर, रविवार 23 जून 2024 ■ आषाढ़ कृष्ण पक्ष-1/2 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-086 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 24 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### राज्य सरकार ने समूह बीमा और परिवार कल्याण निधि की नई ब्याज दरों का किया ऐलान

**रायपुर,23 जून।** राज्य सरकार ने शासकीय कर्मचारियों के समूह बीमा और परिवार कल्याण निधि की नई ब्याज दरों का ऐलान कर दिया है। वित्त विभाग की तरफ से जारी आदेश के अनुसार नई दर 1 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक के लिए जारी की गई है। वित्त विभाग के अफसरों के अनुसार शासकीय कर्मचारी समूह बीमा योजना और परिवार कल्याण निधि के लिए राज्य सरकार की तरफ से हर तीन महीने में ब्याज की दरें जारी की जाती है। इससे पहले जनवरी 2024 में अक्टूबर 2023 से दिसंबर 2023 तक के लिए जारी की गई थी। अब जनवरी से मार्च 2024 के लिए जारी की गई है। इस संबंध में वित्त विभाग से जारी आदेश में कहा गया है कि भारत सरकार वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग ने केन्द्रीय सरकारी कर्मचारी समूह बीमा योजना, 1980 की बचत निधि पर ब्याज दर का पुनरीक्षण किया गया है। अतः राज्य शासन तदनुसार समूह बीमा योजना, 1985 की बचत निधि में जमा राशि पर तथा परिवार कल्याण निधि, 1974 के अंतर्गत जमा राशि पर 01.01.2024 से 31.03.2024 निम्नानुसार ब्याज निर्धारण करता है।

### प्रज्वल का भाई सूरज रेवन्ना भी गिरफ्तार

**बेंगलुरू ,23 जून।** कर्नाटक के चर्चित सेक्स स्कैंडल में कर्नाटक पुलिस ने एक और गिरफ्तारी की है। यौन उत्पीड़न के एक मामले में जनता दल (सेक्युलर) के एमएलसी सूरज रेवन्ना को गिरफ्तार किया है। इससे पहले पुलिस ने उनके भाई और यौन अपराध के आरोपी पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को गिरफ्तार किया था। आपको बता दें कि प्रज्वल के भाई पर एक शख्स ने अप्राकृतिक यौन संबंध बनाने का आरोप लगाया है। हासन जिले के होलेनरसिपुरा पुलिस थाने में जेडीएस के एक कार्यकर्ता द्वारा सूरज रेवन्ना के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। कार्यकर्ता ने आरोप लगाया कि सूरज ने 16 जून को उसके फार्महाउस पर उसका यौन उत्पीड़न किया। शिकायतकर्ता ने बताया कि सूरज रेवन्ना ने उसे अपने फार्महाउस पर बुलाया था और उसने जबरदस्ती की। शिकायत मिलने के बाद हसन पुलिस ने अप्राकृतिक यौन कृत्य से संबंधित भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 377 के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने मामले में शिकायत मिलने के बाद सूरज के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और अब उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि सूरज की तरफ से उसके दोस्त ने आरोप लगाया है कि शिकायतकर्ता 5 करोड़ रुपए न देने पर इस तरह से ब्लैकमेल कर रहा है।

### जेएंडके में घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**श्रीनगर ,23 जून ।** जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में जारी घुसपैठ रोधी अभियान के दौरान रविवार को सुरक्षा बलों ने दो आतंकियों को ढेर किया है। एक अधिकारी ने बताया, आज (रविवार को) दो आतंकियों के शव बरामद किए गए है। इसके अलावा भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। इससे पहले, शनिवार को उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों के एक समूह को सुरक्षा बलों ने चुनौती दी थी। सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए थे। अधिकारी ने बताया कि शनिवार को दोनों आतंकवादियों के शव बरामद नहीं किए जा सके, क्योंकि वे नियंत्रण रेखा के करीब पड़े थे। इससे पहले उत्तरी कश्मीर के सोपोर में 19 जून को आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। इस एनकाउंटर में भी 2 आतंकी मारे गए थे। गत 9 जून को जम्मू-कश्मीर के रियासी में आतंकियों ने तीर्थयात्रियों को लेकर वैष्णो देवी जारी एक बस पर घात लगाकर हमला किया था।



## नक्सलियों के ठिकाने से मिली नकली नोट छापने की मशीन

### मौके से 50,100 के मिले नकली नोट

**सुकमा,23 जून**

छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सर्चिंग के दौरान पहली बार नक्सलियों के पास से नोट छापने के उपकरण मिले हैं। सर्चिंग टीम ने मौके से 50, 100, 200, 500 रुपए के नकली नोट के सैंपल बरामद किए हैं। सुकमा पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए बताया कि फंड की कमी से जूझ रहे नक्सली अब नकली नोट का इस्तेमाल कर रहे हैं। जवानों की सर्चिंग टीम ने कोराजगुड़ा के जंगलों से बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। सुकमा पुलिस ने बताया कि नक्सलियों द्वारा नकली नोट छापने और उसे खपाने की जानकारी मिली। इस पर सुकमा पुलिस अलर्ट हो गई। तुरंत जिला बल, डीआरजी बस्तर फाइटर एवं 50 वाहिनी सीआरपीएफ की संयुक्त पार्टी सर्चिंग के लिए ग्राम मैलासूर, कोराजगुड़ा, दंतेशपुरम व आस-पास के क्षेत्र की ओर निकली। इसी दौरान ग्राम कोराजगुड़ा के जंगल में सुरक्षा बल को देख नक्सली मौके से फरार हो गए।

# लोकसभा का सत्र 24 से

**नयी दिल्ली,23जून।** अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू हो रहा है, जिसमें नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके बाद, 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा और 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता एवं सात बार के सांसद भर्तृहरि महताब को संसद के निचले सदन का अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) नियुक्त किए जाने के कारण सत्र के दौरान लोकसभा में शोरगुल होने के आसार हैं। महताब को अस्थाई अध्यक्ष बनाए जाने की विपक्ष ने कड़ी आलोचना की है और आरोप लगाया है कि सरकार ने इस पद के लिए कांग्रेस सांसद के. सुरेश के दावे की अनदेखी की। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा है कि महताब लगातार सात बार के लोकसभा सदस्य हैं, जिससे वह इस पद के लिए उपयुक्त हैं। उन्होंने कहा कि सुरेश 1998 और 2004 में चुनाव हार गए थे, जिस कारण उनका मौजूदा कार्यकाल निचले सदन में लगातार चौथा कार्यकाल है। इससे पहले, वह 1989, 1991, 1996 और 1999 में लोकसभा के लिए चुने गए थे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सोमवार को राष्ट्रपति भवन में महताब को लोकसभा के अस्थाई अध्यक्ष के रूप में शपथ दिलाएंगी। इसके बाद महताब संसद भवन पहुंचेंगे और पूर्वाह्न 11 बजे लोकसभा की कार्यवाही शुरू करेंगे। कार्यवाही की शुरुआत में, कुछ क्षणों के लिए मौन रखा जाएगा। इसके बाद लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह निचले सदन के लिए निर्वाचित सदस्यों की सूची सदन के पटल पर रखेंगे। इसके बाद, महताब लोकसभा के नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सदन की सदस्यता की शपथ लेने का आग्रह करेंगे। इसके बाद प्रोटेम स्पीकर, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त अध्यक्षों की समिति को शपथ दिलाएंगे जो 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक सदन की कार्यवाही चलाने में उनकी सहायता करेगी। राष्ट्रपति ने लोकसभा के नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाने में महताब की सहायता के लिए कोडिकुन्निल सुरेश (कांग्रेस), टी आर बालू (द्रमुक), राधा मोहन सिंह और फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा) और सुदीप बंदोपाध्याय (तृणमूल कांग्रेस) को नियुक्त किया है। अध्यक्षों की समिति के बाद प्रोटेम स्पीकर मंत्रिपरिषद के सदस्यों को लोकसभा सदस्य के तौर पर शपथ दिलाएंगे। ये सदस्य अपने-अपने नाम के पहले अक्षर के क्रम में अगले दो दिनों में शपथ लेंगे। लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव बुधवार को होगा। राष्ट्रपति 27 जून को संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 28 जून को शुरू होगी। प्रधानमंत्री द्वारा दो या तीन जुलाई को इस चर्चा पर अपना जवाब देने की उम्मीद है।

### अमेरिका में गोलीबारी में मरने वाले चार लोगों में आंध्र प्रदेश का युवक शामिल

**अमरावती।** अमेरिका के अर्कांसस में एक किराना स्टोर में हुई गोलीबारी में जिन चार लोगों की मौत हो गई थी उनमें आंध्र प्रदेश का एक 32 वर्षीय युवक भी शामिल है। आंध्र प्रदेश के पीड़ित की पहचान बापटला जिले के मूल निवासी दासारी गोपीकृष्ण के रूप में हुई है। वह आठ महीने पहले ही अमेरिका गया था।

वह अर्कांसस के एक छोटे से शहर फोर्डिस में मैड बुचर किराना स्टोर में काम करता था। गत 21 जून को एक बंदूकधारी ने स्टोर में गोलीबारी की जिसमें बिलिंग काउंटर पर मौजूद गोपीकृष्ण को गंभीर चोटें आईं। अगले दिन शनिवार को अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

## इसरो ने फिर किया कमाल,पुष्पक की तीसरी सफल लैंडिंग

**नई दिल्ली,23 जून।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने अपने रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल-एलईएक्स-03 'पुष्पक' की लगातर तीसरी बार सफल लैंडिंग कराकर बड़ी सफलता हासिल की है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल को लैंड कराने में सफलता हासिल करने के बाद अब इसरो के लिए 'पुष्पक' का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। इसरो ने रविवार को एक बयान में कहा कि 'पुष्पक' ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उन्नत स्वायत्त क्षमताओं का प्रदर्शन करते हुए एक सटीक होरिजेंटल लैंडिंग को अंजाम दिया। यह परीक्षण बेंगलुरु से लगभग 220 किमी दूर चित्रदुर्ग जिले के चल्लकेरे में एयरोनॉटिकल टेस्ट रेंज में आयोजित किया गया था। पुष्पक को इंडियन एयरफोर्स के चिनूक हेलिकॉप्टर से 4.5 किमी की ऊंचाई तक ले जाया गया और रनवे पर ऑटोनॉमस लैंडिंग के लिए छोड़ा गया। दूसरे एक्सपेरिमेंट के दौरान पुष्पक को 150 मीटर की क्रॉस रेंज से छोड़ा गया था। इस बार क्रॉस रेंज बढ़ाकर 500 मीटर कर दिया गया था। जब पुष्पक को हेलिकॉप्टर से छोड़ा गया था, उस वक्त उसकी लैंडिंग वेलोसिटी 320 किमी प्रतिघंटा से ज्यादा थी। ब्रेक पैराशूट की मदद से टचडाउन के लिए इसकी विलोसिटी को घटाकर 100 किमी प्रतिघंटा तक लाया गया।

आरएलवी प्रोजेक्ट इसरो का एक महत्वपूर्ण प्रोग्राम है, जो अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति की भारत की महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवश्यक तकनीक उपलब्ध कराता है। रीयूजेबल लॉन्च व्हीकल से इसरो को स्पेस में लो-कॉस्ट एक्सेस मिलेगा यानी स्पेस में ट्रैवल करना सस्ता हो जाएगा। इस



सैटेलाइट से प्रोजेक्ट लॉन्चिंग सस्ती होगी, क्योंकि इसे दोबारा प्रयोग में लाया जा सकेगा। पृथ्वी की कक्षा में घूम रही किसी सैटेलाइट में अगर खराबी आती है तो इस लॉन्च व्हीकल की मदद से उसको नष्ट करने की बजाय रिपेयर किया जा सकेगा। इसके अलावा जीरो ग्रैविटी में बायोलॉजी और फार्मा से जुड़े रिसर्च करना आसान हो जाएगा। पहला लैंडिंग एक्सपेरिमेंट 2 अप्रैल 2023 और दूसरा 22 मार्च 2024 को किया गया था। यह अंतिम लैंडिंग एक्सपेरिमेंट था, जो सफल रहा। अब इसरो इस लॉन्च व्हीकल का ऑर्बिटल री-एंट्री टेस्ट करेगा। इस टेक्नोलॉजी से रॉकेट लॉन्चिंग सस्ती होगी और अंतरिक्ष में उपकरण पहुंचाने में कम लागत आएगी।

# शिक्षा व्यवस्था को 'माफिया' के हवाले कर दिया : प्रियंका



**नयी दिल्ली,23 जून।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाद्रा ने 'नीट-यूजी' सहित राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर रविवार को केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार पर निशाना साधा और कहा कि इसने पूरी शिक्षा प्रणाली को ''माफिया'' और ''भ्रष्टाचारियों'' के हवाले कर दिया है। कांग्रेस नेता की इस टिप्पणी के ठीक एक दिन पहले, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार निकाय राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के कामकाज की समीक्षा और परीक्षा में सुधार की सिफारिशों के लिए एक समिति गठित की है। केंद्र सरकार ने शनिवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध सिंह को हटा दिया और मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' (राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक) में अनियमितताओं की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी। प्रियंका ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि 'नीट-यूजी' परीक्षा का प्रश्नपत्र ''लीक'' हुआ, वहीं नीट-पीजी, यूजीसी नेट और सीएसआईआर-नेट ''रद्द'' कर दिए गए। उन्होंने पोस्ट में कहा, ''आज, देश की कुछ सबसे बड़ी परीक्षाओं का यह हाल है। भाजपा राज में समूची शिक्षा का ढांचा माफियाओं-भ्रष्टाचारियों के हवाले हो चुका है।'' प्रियंका ने पोस्ट में कहा, ''लालची और चाटुकार किस्म के अयोग्य लोगों के हाथ में देश की शिक्षा और बच्चों का भविष्य सौंपने की राजनीतिक जिद और अहंकार ने पेपर लीक, परीक्षा रद्द, कैंपस से पढ़ाई-लिखाई का विलोप और राजनीतिक गुंडागर्दी को हमारी शिक्षा-व्यवस्था की पहचान बना दिया है।'' उन्होंने कहा कि हालत यह हो गई है कि भाजपा सरकार साफ-सुथरे ढंग से एक परीक्षा तक नहीं करा सकती। पोस्ट में कहा गया है, ''आज युवाओं के भविष्य के सामने भाजपा सरकार एकमात्र सबसे बड़ी बाधा बनकर खड़ी है। देश के काबिल युवा अपना बेशकीमती समय, सारी ऊर्जा भाजपा के भ्रष्टाचार से लड़ने में गंवा रहे हैं और मजबूर मोदी जी सिर्फ तमाशा देख रहे हैं।''

### मोदी राज में बर्बाद हो चुकी है शिक्षा व्यवस्था: राहुल

**नयी दिल्ली,23 जून।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नीट-पीजी स्थगित होने को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा तथा कहा कि यह बर्बाद हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है।÷ केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं की शुचिता पर हाल ही में लगे आरोपों के मद्देनजर एहतियात के तौर पर 23 जून को होने वाली नीट-पीजी प्रवेश परीक्षा को स्थगित करने का फैसला किया है।

गांधी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, अब नीट-पीजी भी स्थगित! यह नरेन्द्र मोदी के राज में बर्बाद हो चुकी



शिक्षा व्यवस्था का एक और दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण है। भाजपा राज में छात्र अपना करियर बनाने के लिए 'पढ़ाई' नहीं, अपना भविष्य बचाने के लिए सरकार से 'लड़ाई' लड़ने को मजबूर हैं। उन्होंने लिखा, अब यह स्पष्ट है - हर बार चुपचाप तमाशा देखने वाले मोदी पेपर लीक रैकेट और शिक्षा माफिया के आगे पूरी तरह से बेबस हैं। गांधी ने कहा, ''नरेन्द्र मोदी की अक्षम सरकार छात्रों के भविष्य के लिए सबसे बड़ा खतरा है - हमें देश के भविष्य को उससे बचाना ही होगा।



### पुलिया के नीचे गिरी कार, 5 घायल

**कांकेर,23 जून।** तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला हैं। एक कार अनियंत्रित होकर पुलिया के नीचे गिर गई। कार में सवार 5 लोग घायल हो गए। घायलों को भानुप्रतापपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रायपुर रेफर कर दिया गया। सभी घायल माना के निवासी बताए जा रहे हैं। दुर्घटना भानुप्रतापपुर से दुर्गुकोंदल मार्ग पर हुई।



**रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज प्रख्यात शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी चिंतक और विचारक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनके बलिद+ान दिवस के अवसर पर नमन किया है.**

### सरकारी कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले

**लखनऊ ,23 जून।** प्रदेश सरकार ने छठे वेतनमान वाले कर्मचारियों के बाद अब पांचवां वेतनमान पाने वाले कर्मियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ा दिया है। अब इन कर्मचारियों को मूल वेतन का 443 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता मिलेगा। इन्हें यह लाभ एक जनवरी 2024 से दिया जाएगा। वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसका शासनादेश जारी कर दिया है। अभी तक पांचवें वेतनमान पाने वाले कर्मी मूल वेतन का 427 प्रतिशत की दर से महंगाई भत्ता पाते थे।

## एनटीए ने परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए गठित की उच्च स्तरीय समिति

**नई दिल्ली ,23 जून।** नीट (यूजी) परीक्षा 2024 में कदाचार और गड़बड़ियों के आरोपों के बीच केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित परीक्षाओं में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व अध्यक्ष के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में शनिवार को एक समिति गठित की।

समिति में उनके अलावा अन्य सदस्य एम्स दिल्ली के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.जे. राव, आईआईटी मद्रास के प्रोफेसर एमिरिटस राममूर्ति के., पीपुल स्ट्रांग के सह संस्थापक पंकज बंसल और आईआईटी दिल्ली के डीन (छात्र मामले) प्रो. आदित्य मित्तल को शामिल किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को सदस्य सचिव बनाया गया है। समिति दो महीने के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि समिति का उद्देश्य एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं के पारदर्शी और कदाचार मुक्त आयोजन के लिए सुझाव देना है। इसके लिए वह परीक्षा की प्रक्रिया का शुरू से लेकर अंत तक विश्लेषण करेगी और तंत्र में सुधार के लिए सुझाव देगी जिससे किसी संभावित लीकेज को टाला जा सके। वह एनटीए की मानक परिचालन प्रक्रियाओं (एसओपी) की भी समीक्षा करेगी और एसओपी तथा निगरानी प्रक्रिया को मजबूत करने के लिए सुझाव देगी।

डाटा सुरक्षा प्रोटोकॉल को मजबूत करने के लिए समिति एनटीए के मौजूदा डाटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का आकलन कर उसमें सुधार के लिए सुझाव देगी।

प्रश्न पत्र तैयार करने और परीक्षा की अन्य प्रक्रियाओं से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल की भी वह जांच करेगी तथा सुझाव देगी। समिति एनटीए के संगठनात्मक ढांचे में बदलाव पर भी अपने सुझाव देगी ताकि डाटा सुरक्षा और परीक्षा प्रक्रियाओं में सुझाए गये सुधारों को लागू किया जा सके।

### इंदौर में बीजेपी नेता की गोली मारकर हत्या

**इंदौर ,23 जून।** मध्य प्रदेश के इंदौर से एक बहुत बड़ी खबर सामने आ रही है। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के नगर उपाध्यक्ष मोनू कल्याणे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मोनू मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के बेहद करीबी थे। घटना शहर के एमजी रोड थाना क्षेत्र के चिमनबाग इलाके की है। जानकारी के मुताबिक पुरानी रंजिश के चलते पीयूष और अर्जुन ने मोनू कल्याणे को गोली मारी। फिलहाल दोनों आरोपी फरार हैं।

### नशे में धुत पति ने पत्नी की बेरहमी से की हत्या

**सूरजपुर,23 जून।** जिले से हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. शराब के नशे में धुत पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. वहीं मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है. यह मामला रामानुजनगर थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, रामानुजनगर थाना अंतर्गत पंचवटी गांव निवासी विजय सिंह (40 वर्ष) बीते दिन ग्राम मदनपुर में घर का छप्पर मरम्मत करने गया था. इसी दौरान दोस्तों से विवाद हो गया तो शराब पीने के बाद घर पहुंचा. पति को नशे की हालत में देख पत्नी बिंदु (30 वर्ष) विवाद करने लगी और पति को फटकार लगाने लगी. पत्नी की बात सुन पति नाराज हो गया और पत्नी पर जानलेवा हमला करते हुए बेदम पिटाई कर दी. जिससे पत्नी की मौत हो गई. घटना के बाद मौके से आरोपी पति फरार हो गया. मामले की सूचना पर रामानुजनगर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई. वहीं घटना के बाद फरार आरोपी पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. जहां आरोपी ने अपना जुर्म कुबूल किया है. फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है.

### पति ने पैर नहीं दबाये तो पत्नी ने मौत को लगाया गले

**बिलासपुर,23 जून।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. इस घटना महिला के परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल है. मृतक महिला सुशीला पति भूपेंद्र साहू उम्र 24 की तबियत ख़राब थी उसने अपने पति भूपेंद्र साहू को पैर दबाने के लिए कहा था, पति ने पैर नहीं दबाया तो महिला ने गुस्से में आ कर आत्महत्या कर ली. दोनों का प्रेम विवाह हुआ था, उनका 3 का वर्ष एक बच्चा भी है. मिली जानकारी के अनुसार, देवरीडीह तोरवा निवासी सुशीला पति भूपेंद्र साहू (24) गुरुवार की रात तबीयत खराब हो गई। पैर में दर्द होने पर सुशीला ने पति भूपेंद्र से पैर दबाने के लिए कहा। इस दौरान भूपेंद्र साहू अपने बच्चे की मालिश कर रहा था. जिसकी वजह से उसे सुशीला के पास आने में समय लग गया। इससे नाराज सुशीला अपने कमरे में गई और फांसी लगा ली। फांसी लगाने के दौरान जैसे ही सुशीला का पति भूपेंद्र कमरे में पंहुचा तो उसकी पत्नी साड़ी का फंदा बनाकर झूल गई थी । । भूपेंद्र ने तुरंत सुशीला को फंदे से उतारा और सीधे तोरवा स्थित हॉस्पिटल लेकर पहुंचा। जंहा डॉक्टरों ने उसकी पत्नी को मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस की जांच में सुसाइड करने से मौत का पता चला है। महिला नव विवाहिता थी इस कारण परिजनों का बयान दर्ज करने के बाद स्थिति और साफ हो जाएगी।

# मंत्री पद के एक दर्जन से ज्यादा दावेदार, मचेगा बवंडर : कांग्रेस

**रायपुर,23 जून।** साय मंत्रिमंडल के दो खाली पदों को भरे जाने का इंतजार प्रदेश की जनता के साथ विपक्षी पार्टी कांग्रेस भी कर रही है. कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जैसे ही इन पदों पर नियुक्ति होगी, भाजपा में बवंडर मचना तय है. एक दर्जन से अधिक नेता दावेदार हैं, और सीट दो ही है. जैसे ही शपथ ग्रहण होगा, भाजपा में अस्थिरता आनी चालू हो जाएगी. इसे भी पढ़ें – भर्राशाहीः, रकम मंजूर होने के बाद भी नहीं हो पाई जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत, दूसरे भवनों में करेंगे बच्चे पढ़ाई

कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने मीडिया से चर्चा में विधानसभा के मानसून सत्र में कानून में संभावित बदलाव को लेकर कहा कि यह सरकार पूरी तरीके से निष्क्रिय है. कानून में संशोधन करना, चलती योजनाओं को बदलना, यही सरकार का लक्ष्य है. 6 महीने में सरकार का कोई भी विजन नहीं दिखा है. गोठान योजना को बंद कर गौ अभयारण्य की बात कर रहे हैं. युवाओं को बेरोजगार भत्ता, महिलाओं को काम मिल रहा था, वह बंद कर दिया. पुराने कानून बदलने की बात कर रहे हैं, पहले जो कानून बने हैं, उसे अच्छे से लागू कर लें. सुशील आनंद शुक्ला ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी बदलने की चल रही चर्चा को महज अफवाह बताते हुए कहा कि यह फैसला आलाकमान को करना है. इसके साथ ही भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लगातार पीसीसी चीफ बैज पर लगातार आक्रमण कर रही है. जब भाजपा विपक्ष में थी, तो उन्होंने ने भी अध्यक्ष और प्रभारी बदले थे. वे हम पर टिप्पणी न करें. कांग्रेस संचार प्रमुख ने विद्युत के बढ़े हुए दाम और बिजली कटौती को लेकर किए जाने वाले कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि छत्तीसगढ़ के हर कस्बे से बिजली कटौती की जा रही है. दाम में भी बढ़ोतरी की गई है. कई इलाकों में 3-4 दिनों तक बिजली नहीं आती. कांग्रेस सभी जिलों में प्रदर्शन करेगी, जिसकी तिथि जल्द घोषित होगी. वहीं शारदा चौक सड़क चौड़ीकरण की मांग पर सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि बीजेपी ने अपने 15 साल के कार्यकाल में सड़क चौड़ीकरण के काम को लंबित रखा. कांग्रेस के कार्यकाल में तकनीकी दिक्कतों को दूर किया गया. मुआवजे को लेकर आंकलन किया गया, लेकिन आचार संहिता की वजह से काम अधूरा रह गया. हम उम्मीद करते हैं भाजपा के कार्यकाल में ये काम पूरा होगा. पीजी परीक्षा के रद्द करने पर कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार की कारवाइयों से लग रहा है कि बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है. नीट पर जनमत से केद्र सरकार घबराई हुई है, नीट पीजी की परीक्षा को रद्द किया है, लेकिन नीट यूजी की परीक्षा को रद्द नहीं किया गया. परीक्षा की विश्वसनीयता पर सवाल उठेगा, तो छात्रों का भविष्य अंधकार होगा.



# भिलाई इस्पात संयंत्र में मनाया गया 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, 10 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में प्रातः 7.30 बजे से 8ः30 बजे तक योगाभ्यास का मुख्य आयोजन किया गया। इस योगाभ्यास में कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक बी के गिरी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ विशेष रूप से उपस्थित थे। भिलाई निवास में आयोजित योगाभ्यास में, मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर, महाप्रबंधक सूरज कुमार सोनी, ओए के महासचिव परविंदर सिंह, विभिन्न विभागों के मुख्य महाप्रबंधकगण एवं अधिकारीगण सहित लगभग 50 कर्मचारियों ने भाग लिया। यह कार्यक्रम क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया था। इस वर्ष भिलाई इस्पात संयंत्र का योगाभ्यास योग-स्वयं और समाज के लिए विषय पर केंद्रित था। इसके साथ ही भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंच पर योग शिक्षक रैनोबेस सरकार द्वारा योग का अभ्यास कराया गया, जहाँ मंच पर उनके साथ ध्यान, विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम अभ्यासों का प्रदर्शन करने जी पी सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के संयोजन में उप महाप्रबंधक एस आर जाखड़, उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन, क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग के सरजीत चक्रवर्ती द्वारा किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का उद्देश्य स्वास्थ्य, आध्यात्मिक विकास और वैश्विक शांति के लिए योग को बढ़ावा देना है। योग भारत की प्राचीन परम्परा का एक अमूल्य उपहार है। भारत की इस प्राचीन योग प्रथा को शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक कल्याण और आध्यात्मिक विकास पर इसके गहन प्रभाव के लिए सम्पूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इसे स्वीकारा गया है। योग, मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य, विचार, संयम और स्फूर्ति प्रदान करने करने में सहायक है। योग सभी के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है। यह थीम सभी के समग्र कल्याण में योग की भूमिका पर जोर देती है और प्रत्येक व्यक्ति के जीवन पर योग के परिवर्तनकारी प्रभाव को बढ़ावा देती है। भारत की योग पद्धति को आज विश्व में अनेक देशों द्वारा मान्यता दी जा चुकी है।



## एक नजर

### प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी में कृषकों को हुआ करोड़ों रुपए का भुगतान

**कवर्धा 23 जून।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में ज़िले के किसानों को लगातार योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा हैं। निर्देशों का पालन करते हुए कृषि विभाग की टीम द्वारा रबी वर्ष 2023-24 अन्तर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत ज़िले के कृषकों को करोडों रुपए का भुगतान किया गया हैं। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत रबी वर्ष 2023-24 में जिले के कृषको द्वारा चना, गेहू सिंचित एवं गेहू असिंचित फसल के लिए फसल बीमा कराया जाता है, जिसमे इस वर्ष रबी 2023-24 में अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत 18725 कृषको को 34 करोड़ 84 लाख 19 हजार 2 सौ 32 रुपए और इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 19792 कृषको को 27 करोड़ 73 लाख 19 हजार 4 सौ 71 रूपये अब तक कुल जिले में 62 करोड़ 16 लाख रूपये का सफल दावा भुगतान क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा कृषको के खाते में अंतरण किया गया है। शेष बचे हुए 1587 कृषको को 55 लाख 56 हजार 7 सौ 16 रूपये अतिवृष्टि, ओलावृष्टि अंतर्गत एवं इसी प्रकार उपज में कमी के आधार पर 1890 कृषको को 1 करोड़ 56 लाख 96 हजार 8 रूपये कृषको को क्रियान्वयक बीमा कंपनी द्वारा 10 दिवस में उनके बैंक खाते में अंतरित किया जाएगा।

### मारपीट करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई 23 जून।** पुलगांव थाना क्षेत्र होटल में पहले बिरयानी खाने की बात को लेकर आरोपियों ने मारपीट करते हुए प्रार्थी पर चाकू से वार कर दिया घायल को पुलगांव पुलिस ने जिला अस्पताल ले जा कर भर्ती किया है आरोपियों के खिलाफ धारा 307 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया गया है पुलगांव पुलिस ने बताया कि बीती रात डोंगरगढ़ निवासी शंकर वर्मा जो कोलिहापुरी में रहकर एक मील में कार्य करता है वह अपने परिचित आरोपी पदुम निषाद एवं कमल उड़िया के साथ होटल में बिरयानी खाने गया हुआ था बिरयानी खाने के दौरान आपस में विवाद हो गया इस पर गुस्साए आरोपी कमल एवं पदुम निषाद ने शंकर वर्मा के साथ मारपीट की इसके बाद पदुम निषाद ने अपने पास रखे चाकू से शंकर वर्मा पर वार कर दिया इससे शंकर को चोंटे आई थी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### भूस्वामियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई 23 जून।** अवैध प्लांटिग कर निगम अधिनियम के तहत काम करने वाले चार भू स्वामियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 292 ग के तहत जुर्म दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि नगर पालिक निगम क्लीनर गैंदलाल देवांगन ने शिकायत किया है कि भूस्वामी पारस, संदीप गुप्ता, श्रीराम बरण गुप्ता, प्रदीप गुप्ता ने ग्राम कुरूद तहसील दुर्ग खसरा 1546 भूमि स्थल कैलाश नगर भिलाई के पास द्वारा अवैध प्लाटिंग किया है स्थल पर कार्यालय द्वारा छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 2013 के अंतर्गत अभिन्यास स्वीकृत नहीं किया गया है। न ही भूस्वामियों को कलोनाईजर लायसेन्स जारी किया गया है। 27 मई को संयुक्त टीम के जांच प्रतिवेदन अनुसार प्रश्नाधीन स्थल पर अवैध प्लाटिंग होना पाया गया है ग्राम कुरूद स्थित उक्त खसरा नं. का वर्तमान में स्थित प्रश्नाधीन अवैध प्लाटिंग किया जाना पाया गया है। रजिस्ट्री पेपर को अवलोकन से स्पष्ट हुआ कि भूस्वामियों द्वारा प्रश्नाधीन भूमि को भूखण्डों में विभाजित कर बेचा गया जो कि छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम को धारा 292 (ग) का उल्लघंन है।

### ठगी करने के मामले में पुलिस ने किया पांच पर जुर्म दर्ज

**भिलाई 23 जून।** ठगी करने के मामले में पुलिस ने पांच के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने धारा 420,409,34 के तहत कार्रवाई किया है खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि मिलन चौक न्यु खुर्सीपार कुबेर इस्पात संचालक नीरज कुमार ने शिकायत किया है कि उनके द्वारा लोहे का वायर राड, अन्य सामाग्री के उत्पादो का बेचा जाता है। अंशुल शर्मा, ऋषिराज शर्मा, ओम प्रकाश महावार, देवी लाल शर्मा, अंशुल महावार ने नृदेव वायर वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड के नाम से भिलवाड़ा राजस्थान में इस्पात उत्पादो के क्रय -विक्रय के व्यवसाय का संचालन करने का झांसा दिया। अंशुल शर्मा, ऋषिराज शर्मा, ओमप्रकाश महावार ने उक्त फर्म का निदेशक व संचालक बताया था। देवी लाल शर्मा, अंशुल महावार कंपनी में इनके साथी होने का दावा कर पीड़ित को विश्वास में लिया था उसके चाद कुबेर इस्पात से सामान 63 लाख 74 हजार 6-0 रुप का भुगतान न कर लगातार पीडित को घूमाते रहे परेशान होकर पीड़ित ने ठगी का मामला पुलिस में दर्ज कराया।

### बालक की करंट लगने से मौत

**भिलाई 23 जून।** पाटन के ग्राम सावनी में बिजली करंट की चपेट में आए एक 15 वर्षीय बालक की मौत हो गई गांव के एक बाड़ी में अपने परिवार के साथ रहने वाले युवक गणेश्वर (15) पिता सुरेश कुमार धीवर का करंट लगने से मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मृतक कुछ काम कर रहा था तभी करंट की चपेट में आ गया उसे पाटन लाया अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

### रेत भंडारण स्थल की जांच के लिए टीम गठित

**महासमुंद 23 जून।** अनुविभागीय अधिकारी महासमुंद श्री उमेश साहू ने ग्राम बिरकोनी, बरबसपुर और बड़गांव में रेत भंडारण स्थल की जांच हेतु तहसीलदार को निर्देशित किया है। तहसीलदार द्वारा तीनों रेत स्थल भंडार स्थलों की जांच के लिए राजस्व निरीक्षक सुश्री नीलम मक्कड़ और लक्ष्मीकांत साहू के नेतृत्व में पांच पटवारियों का टीम गठन किया है। उन्होंने कहा है कि टीम स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट सौंपेंगे।

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मिलेट कैफे का किया अवलोकन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** उप मुख्यमंत्री एवं दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा आज दुर्ग प्रवास के दौरान दुर्ग स्थित मिलेट कैफे का अवलोकन किया। उन्होंने कोदो-कुटकी एवं रागी से बने व्यंजनों के बारे में जानकारी ली और मिलेट्स कोदो, कुटकी और रागी आदि से बने स्वादिष्ट व्यंजनों का स्वाद लिया और खुलकर सराहना की तथा स्वास्थ्य के लिए लाभदायक भी बताया। इस मौके पर कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में मिलेट मिशन के अंतर्गत मिलेट उत्पादों के संबंध में विस्तारपूर्वक अवगत कराया। उन्होंने बताया कि लोगों में मिलेट की मांग अब तेजी से बढ़ रही है। मिलेट्स कैफे के माध्यम से तैयार उत्पादों को बेहतर मूल्य प्राप्त हो रहा है। यह महिला स्व सहायता समूह के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री अश्वनी देवांगन ने बताया कि स्व सहायता समूह द्वारा मिलेट्स कैफे का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए महिलाओं को प्रशिक्षित भी किया गया है, ताकि लोग मिलेट्स से तैयार स्वादिष्ट पकवान का आनंद ले सकें। मिलेट्स से विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन दोसा, इडली, चाऊमीन, नूडल्स, पास्ता इत्यादि बनाया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने इस मौके पर कोदो, कुटकी एवं रागी से बने कुकीज बिस्कुट और बेल एवं जामुन से बने शरबत का स्वाद लिया। उन्होंने कहा कि क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए, पैकिंग पर ध्यान न दे। साथ ही उन्होंने वन विभाग के पुस्तकालय का भी अवलोकन किया और वहां उपस्थित छात्राओं से चर्चा की। इस दौरान विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, एडीएम अरविंद एक्का, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर लवकेश ध्रुव, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।



# ग्राम सेलुद में बीएसपी ने किया चिकित्सा शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 23 जून।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग (सीएसआर) द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी कड़ी में 22 जून को ग्राम सेलुद में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम सेलुद में आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ सविता, नर्स श्रीमती रेखा देव, बीपी शुगर जांच हेतु फार्मेसिस्ट शशि भूषण राय, पंजीयन हेतु शंभू दयाल तथा सीएसआर विभाग से सहायक श्री बुधेलाल उपस्थित थे, जिसमें कुल 41 लोगों की जांच करके उनको दवाईयों का वितरण किया गया7 प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

# स्वस्थ रहने विद्यार्थी योग को अपने दैनिक जीवन में करें शामिलः प्रियंका शुक्ला

**भिलाई, 23 जून।** डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । योगाभ्यास के दौरान कक्षा आठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। योग प्रशिक्षक अजय कुमार ने विद्यार्थियों एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं को योगाभ्यास कराया। उन्होंने प्राणायाम व योग के महत्व बताए। साथ ही सभी को योग क्रियाएं भी कराई । विभिन्न योगासन कराए गए जिसमें प्राणायाम, ताड़ासन , पवनमुक्तासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन इत्यादि प्रमुख थे। इसके साथ ही योग का हमारे जीवन में क्या महत्व है, शारीरिक विकास में योग किस तरह सहायक है यह भी बताया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्राचार्या श्रीमती प्रियंका शुक्ला ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए योग बहुत ही जरूरी है तथा विद्यार्थियों को स्वस्थ रहने योग को अपने दैनिक जीवन में शामिल करने का संकल्प भी करवाया।। योग के अनेक फायदे हैं उन्होंने कहा कि करें योग रहें निरोग अर्थात नियमित योग को अपनाकर शारीरिक और मानसिक रूप से निरोग रहा जा सकता है । शांति पाठ के साथ योग दिवस का समापन किया गया।



# इंदिरा नगर में मिली महिला की लाश मामले की जांच जारी

**भिलाई 23 जून।** तीन दिन पहले सुपेला थाना क्षेत्र के इंदिरा नगर में किराए के मकान की बालकनी पर फांसी के फंदे में लटकती मिली महिला बीएसएफ जवान की पत्नी नहीं बल्कि प्रेमिका थी जवान शादी शुदा है और उसकी पत्नी पांच बच्चों के साथ कोलकाता में रहती है। जवान और मृतका के लिव इन रिलेशनशिप में रहने की संभावना जताई जा रही है। इस बात के सामने आने के बाद सुपेला पुलिस जवान से पूछताछ कर रही है बीते 20 जून की देर रात सुपेला के इंदिरा नगर के एक मकान की बालकनी में महिला का शव चुनरी के सहारे लटकता मिला था। मृतका की पहचान पिंकी सिंह ( 28 वर्ष ) के रुप में होने के साथ ही कहा जा रहा था कि वह बीएसएफ के रीजनल हेड क्वार्टर भिलाई में कुक जवान संतोष सिंह राजपूत की पत्नी हैं। दरअसल जिस मकान की बालकनी में पिंकी सिंह की फांसी के फंदे पर लटकती हुई लाश मिली उसे चार दिन पहले ही संतोष सिंह राजपूत ने किराए पर लिया था। इसी वजह से मकान मालिक को लगा कि मृतका बीएसएफ जवान की पत्नी है भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि पुलिस ने जब संतोष सिंह राजपूत से पूछताछ शुरू की तो वह गोल मोल जवाब देने लगा। इतना ही नहीं उसने स्वयं को पहले से शादीशुदा और पांच बच्चों का पिता बताते हुए उनके कोलकाता में रहने की जानकारी दी। जवान ने मृतका के साथ प्रेम संबंध होना स्वीकार किया है। इससे पूरा मामला संदिग्ध हो गया है। महिला ने खुदकुशी की है या फिर उसकी हत्या हुई है, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर होगा। कहीं जवान के द्वारा शादी से इंकार करने पर महिला ने खुदकुशी तो नहीं किया है, इस बात की भी जांच चल रही है इधर महिला मूल रूप से असम की रहने वाली बताई जा रही है संतोष सिंह राजपूत के असम में पदस्थ रहने के दौरान पिंकी सिंह से कायम प्रेम संबंध के चलते उसे भिलाई लाकर किराए के मकान में रखने की संभावना पर भी चर्चा चल रही है फिलहाल महिला के परिजनों को पुलिस ने सूचना दे दी है उनके यहां आने पर मामले में कुछ और नई जानकारी सामने आ सकती है।

# गारमेंट फैक्ट्री निर्माण को जल्द पूर्ण करने विधायक देवेंद्र यादव और मेयर नीरज पाल ने दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 23 जून।** जिस तरह से दंतेवाड़ा में गारमेंट फैक्ट्री की शुरुआत की गई है,उसी तर्ज पर भिलाई में भी गारमेंट्स फैक्ट्री के निर्माण शुरुआत हो गई है। विधायक देवेंद्र यादव की पहल से करीब 8 करोड़ की लागत से फैक्ट्री बनाया जा रहा है । जहां भिलाई की 1000 से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। भिलाई की महिलाओं को रोजगार देने,उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह योजना बनाई गई है। यह भिलाई के इतिहास में पहली बार एक नई रोजगार क्रांति के रूप में नई उम्मीद का नया इतिहास होगा। भिलाई में यहां छत्तीसगढ़ की खुद के ब्रांड के कपड़ों की गारमेंट फैक्ट्री खुलेगी। जिसका खुद का ब्रांड का नाम होगा। जिसकी सेलिंग पूरे देश में की जाएगी। अलग- अलग माध्यमों से देशभर के बाज़ारों में भेजने की पहल की जाएगी। भिलाई जिसे औधोगिक नगरी के नाम से भी जाना जाता है। यह औधोगिक नगरी को अब एक और नई पहचान मिलने वाली है। जहाँ भिलाई शहर की महिलाओं को रोजगार दिया जाएगा। एक नया नाम और ब्रांड का निर्माण होगा जो देश विदेश में सप्लाई किया जाएगा। जिन महिलाओं को सिलाई का काम पहले से आता उन्हें और जिन्हें नहीं आता उन्हें ट्रेनिंग दी जाएगी। महिलाओं को यहां मास्क, शर्ट, कुर्ता आदि बनाने की ट्रेनिंग देंगे। भिलाई को गारमेंट का हब बनाया जाएगा। इस पर काम शुरू कर दिए है और जल्द ही भिलाइवासियो के लिए एक रोजगार क्रांति देखने को मिलेगा। यहां कपड़ा की फैक्ट्री खोली जाएगी है। जो छत्तीसगढ़ की दूसरी खुद के ब्रांड वाली गारमेंट फैक्ट्री होगी। कोशिश है कि हमारी माताओं,बहनों को ज़्यादा से ज़्यादा रोजगार मिले वे आर्थिक रूप से सशक्त हो। रोजगार देने के साथ ही निर्मित उत्पादों को बाज़ार भी दिलाया जा रहा है। जिससे उनका पूरा परिवार आर्थिक रूप से मजबूत होगा।



## समाचार संक्षेप

### अपचारी बालक पर फायरिंग कर फरार तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**भिलाई 23 जून।** अपचारी बालक पर फायरिंग कर फरार होने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस युवकों के खिलाफ धारा धारा 452, 294, 506 बी,, 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। इसके अलावा आरोपियों का पुलिस ने जुलुस भी निकाला है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मिलन चौक संतोषी पारा कैम्प 2 चंदू डिस्क वाले के सामने मारपीट, चाकूबाजी की शिकायत के बाद पुलिस ने तीन युवकों को पकड़ा गया है। मुखबिर की सूचना पर बैकुण्ठ धाम के पास संतोष, करण नामक युवकों पर संदेही होने की सूचना मिली थी। युवकों के बारे में पूछताछ करने पर अपना नाम बैकुंठ धाम कैम्प 2 निवासी संतोष कुमार साव, करण साव बताया। दोनों युवकों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछाताछ किया गया। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि पुरानी रंजिश के चलते रजत और करन को जान से मारने की नियत से घर के भीतर घुसकर धारदार चाकु से मारना स्वीकार किया। करण साव के पास मिले देशी रिवालवर को लेकर पूछताछ करने पर बताया कि 11 जून को उज्जैन से 10 हजार रुपए में अज्ञात व्यक्ति से खरीदना बताया है। आरोपी नंदिनी रोड गौतम नगर खुर्सीपार मॉ. समीर खान, एक अपचारी बालक को हिरासत में लिया गया। 21 जून को हुए विवाद में रंजिश की भावना से चाकू मारना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। कार्रवाई में सीएसपी हरिश पटेल, छावनी प्रभारी चेतन चंद्राकर, उप निरीक्षक वरूण देवता, महेन्द्र प्रताप सिंह, सउनि उदय शंकर झा, प्रधान आरक्षक जसपाल सिंह, आरक्षक संजय सोनी, आकाश तिवारी, त्रिलोक नाथ भाटी, धर्मेन्द्र सिंह का अह्म योगदान रहा है।

### एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने किया 16 थानेदारों का स्थानांतरण

**भिलाई, 23 जून।** जिले के पुलिस अधीक्षक ने कानून व्यवस्था को और चुस्त दुरूस्त करने के लिए शनिवार को जिले के कई थानों के थानेदारों का स्थानांतरण कर उनको नये थानों की जिम्मेदारी दी है। इसमें पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला ने थानेदार विजय यादव को धमधा से कोतवाली थाना दुर्ग, अम्बर सिंह भारद्वाज को थानाप्रभारी पदमनाभपुर, नवी मोनिका पाण्डेय को जिविशा भिलाई से मोहन नगर थाना में स्थानांतरण कर दिया है। वहीं कपिल देव पाण्डेय को प्रभारी एसीसीयू से थाना प्रभारी जामुल, महेश ध्रुव को रक्षित केन्द्र से थाना प्रभारी भिलाई तीन, केशव राम कोसले को थाना प्रभारी जामुल से अमलेश्वर, मनीष शर्मा को उतई से नंदिनी नगर, भानुप्रताप साव को मोहन नगर से अण्डा, प्रशांत मिश्रा को प्रभारी रेंज साईबर थाना से भिलाई भट्ठी, अनिल पटेल को अमलेश्वर से बोरी, विपिन रंगारी को भिलाई भट्ठी से उतई, तापेशवर नेताम को कंट्रोल रूम से प्रभारी एसीसीयू दूर्ग, मोतीलाल शुक्ला को रक्षित केन्द्र दुर्ग से प्रभारी जिविशा भिलाई, शिवचंद्रा को रक्षित केन्द्र दुर्ग से ट्रैफिक, श्रद्धा पाठक को अण्डा से महिला थाना का प्रभारी जहां बनाया गया हैं, वहीं पी डी चन्द्रा को पुरानी भिलाई से धमधा थाना का प्रभारी बनाया गया है।

### बकाया टैक्स नही दिया तो कार्रवाई के लिए रहे तैयार

**दुर्ग 25 जून।** नगर पालिक निगम के राजस्व विभाग आय बढ़ाने में भी कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा है। पिछले वर्ष के अपेक्षा इस जून माह में नगर निगम ने अधिक राजस्व की वसूली की है। नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व वसूली की बढोत्तरी को लेकर टीम को मोटिवेट की है। टीम को कार्यो में और भी बेहतर करने के दिशा-निर्देश देते रहें हैं। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष नगर निगम की टीम जहां पहले के रिकॉर्ड को तोड़ने में सफल नजर आती दिखाई दे रही है।पिछले वर्ष के रिकॉर्ड को तोड़कर नया रिकॉर्ड स्थापित कर रही है।आज सुबह से ही अवकाश के दिनों में राजस्व विभाग के सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा शहर के बड़े एवं छोटे बकायादारो के यहाँ घूम -घूमकर 30 जून के पहले जमा करने की अपील किया जा रहा है।इस क्रम में आज सहायक राजस्व अधिकारी श्री गोइर द्वारा होटल मालवा से संपर्क कर उनसे लगभग 15 लाख की टैक्स जमा करने को कहा।आज ही इनको नोटिस देने के लिए निर्देश दिए।भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि यदि टैक्स भुगतान नही करते है तो निगम एक्ट के तहत तालाबंदी की कार्यवाही होंगी। गणपति विहार के लोगो से टैक्स वसूली केम्प लगाकर लिया जा रहा है।



**कवर्धा 23 जून।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा आज रविवार को सुबह कवर्धा स्थित स्वामी करपात्री स्कूल के पास लोगों के साथ बैठकर चाय पीते हुए लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान करते हुए दिखे ।

# गुण्डरदेही गांव में बेझिझक बेची जा रही अवैध शराब

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 23 जून।** डोंगरगांव से लगे ग्राम राजा खुज्जी के नजदीक स्थित गुण्डरदेही गांव में जो प्रवेश द्वार बना है उसके आसपास शाम को शराबियों की महफिल जम जाती है जो रात को 10 बजे तक चलती रहती है गुण्डरदेही प्रवेश द्वार के आसपास दो-तीन कॉम्प्लेक्स दुकान के रूप में बनी है जिसमें से एक दुकान में विगत कई महीनो से शराब बेचा जा रहा है जो प्रमुख रूप से एक होटल के रूप में खोला गया है नाश्ता और चाय को सामने रख प्रमुख रूप से वहा शराब की बिक्री की जाती है। शराब की बिक्री के जानकारी के उद्देश्य से एक युवक को दुकानदार के पास भेजा गया तो दुकानदार ने काउंटर से देसी शराब के क्वार्टर निकाले और युवक को थमा दिए अवैध



शराब बेचते समय दुकानदार इतना बेखौफ नजर आ रहा था की बिना किसी परिचय के उस व्यक्ति को शराब दे दिया। खास कर जैसे ही शाम होता है फिर वहां मदिरा प्रेमियों की लाइनें आपको देखने मिल जायेगी। गुण्डरदेही डोंगरगांव थाने से मात्र 8 से 10 किलोमीटर की दूरी पर पड़ता है वह ऐसा मुख्य एरिया है इसके आसपास बड़गांव चारभाठा, बडभूम,कांपा, जोंधरा मोहगांव, गिदर्री, ये गांव आसपास पड़ते हैं यहां प्रमुखता से दो लोगों का नाम सामने आता है एक जो मेन रोड पर दुकान खोलकर दिनदहाड़े शराब बेचता है और एक जो गुण्डरदेही के अंदर पुराना शराब का कोचिया है जो लुक छुपकर बेधड़क शराब बेचता है डोंगरगांव थाने की अभी सभी जगह शराब की धरपकड़ शराब माफियाओं पर कार्रवाई जोरों पर चल रही है लेकिन कई ऐसे स्थान है जो आज भी कार्यवाही के लिहाज से अछूता है। यहा कार्यवाही होनी चाहिए ताकि यह अवैध शराब का कारोबार बंद हो सके साथ ही प्रमुख गलियारा होने के कारण शाम को वहां बहुत भारी मात्रा में मजमा और विवाद की स्थिति हो जाती है साथ ही महिलाओं का बाहर निकलना वहां मुश्किल हो जाता है लड़ाई झगड़ा शराबियों में उस रोड में आम बात है जिसकी कई शिकायतें मिल चुके हैं इस क्षेत्र की स्थिति यह है कि गाँव वालों को पानी की भले ही किल्लत हो रहीं हो, पर मदिरा प्रेमियों में गाँव में बिना मशक्कत किये ही शराब उपलब्ध हो जा रही है। अवैध रूप से गाँव-गाँव में संचालित हो रही अवैध शराब की दुकान ने गाँवों का माहौल दूषित कर दिया है। क्षेत्र में शराब के कारण दिनों-दिन अपराधों में वृद्धि हो रही है। साथ ही आसानी से शराब उपलब्ध हो जाने से भोले-भाले ग्रामीण व युवा वर्ग शराब की लत में जकड़ते जा रहे है। ग्रामीण क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री के लिए कोचिए सक्रिय हैं। शाम होते ही गांव में यह सब देखा जा सकता है। बच्चे भी नशे के आदी होते जा रहे हैं और नशापान करने के बाद वे अन्य लोगों से गाली गलौज, वाद-विवाद करते नजर आते हैं। कई लोग इसी कारण दुर्घटनाग्रस्त होते हैं। इसके पीछे मुख्य वजह है शराब की गांव-गांव में उपलब्धता। दुर्भाग्य है कि आबकारी अमला अवैध विक्रय रोकने को लेकर गंभीर नहीं है। फिलहाल क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री के कारण स्थिति काफी खराब है। जिस पर कोचियों पर त्वरित कार्यवाही से लगाम लगने की उम्मीद है।

## एक नजर

### आदिवासी गोंड समाज कर रहा ज्योति कलश स्थापना का पंजीयन

**डोंगरागढ़ 23 जून।** कलकसा आदिवासी गोंड समाज तहसील इकाई डोंगरगढ़ द्वारा बुढादेव गुफा डोंगरगढ़ ( पेन ठाना ) में प्रतिवर्षानुसार वर्ष में दो बार कुंवार वा चैत्र नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश स्थापना किया जा रहा है। पूर्ववानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश स्थापना किया जाना है। जिसमें स्वजातीय सगा समाज एवम सामाजिक आस्था रखने वाले धर्म प्रेमी श्रद्धालु गण अपने मनोकामनाओं के लिए अपने नाम से ज्योति कलश रख सकते हैं। ज्योति कलश के लिए अध्यक्ष संतोष पड़ोती , उपाध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम, संरक्षक तीजऊ मंडावी , भूमका मदन यूइके , प्रवीण मंडावी से संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते। साथ ही साथ इस पेन ठाना में तहसील इकाई डोंगरगढ़ के समिति द्वारा प्रतिदिवस इस संस्था के भूमिकाओ ने गोंडी संस्कृति से गोगो ( पूजा ) सुमरनी सुबह शाम किया जाता है। जो अपने गोंडी संस्कृति पर एक अलग ही महत्व बताया गया है। उक्त जानकारी तहसील गोंड समाज के सचिव नदलाल कोहकोट्ट ने दी ।

### संत कबीर साहेब के सिद्धांत सदैव प्रासंगिक रहेंगे: डॉ. रमन सिंह



**राजनांदगांव 23 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज ग्राम सुंदरा व सामुदायिक भवन नंदई में सदगुरू कबीर साहेब की जयंती महोत्सव में भाग लेते हुये कहा कि संत कबीर साहेब के सिद्धांत सभी के लिये सदैव प्रासंगिक रहने वाले है। संत जी ने समाज को नई दिशा दी, वे जीवन भर कुरीतियों व दकियानूसी विचारों के खिलाफ एक क्रांतिकारी की भूमिका में अपनी अपनी बात बेबाक तरीके से कहते रहे हैं। संत कबीर जी की वजह से ही सामाजिक कुरीतियां दूर हुई, लोगों की जन चेतना जागृत हुई और समाज नवनिर्माण की ओर अग्रसर हुआ। भाजपा मीडिया सेल द्वारा विज्ञप्ति के अनुसार डॉ. सिंह ने आगे कहा कि समाज में सुधार की प्रक्रिया प्रारंभ से ही रही है। जब-जब समाज पर संकट आया, लोगों में चेतना की कमी हुई और सिद्धांतहीन विचारों ने स्थान लिया तब-तब भारत में अनेक संतो व महापुरुषों का जन्म हुआ और उन्होंने समाज को नयी दिशा दिखाई। कबीर साहेब के समय में भी समाजिक कुरीतियों का बोलबाला था, लोग व्यर्थ के पोंगा-पंथी में व्यस्त थे, पूरा समाज संकट के गंभीर दौर से गुजर रहा था। ऐसे संकट कालीन समय में संत कबीर जी का अवतरण हुआ और उन्होनें समाजिक कुरीतियों पर कड़े प्रहार करते हुये समाज को नयी दिशा दिखाई, जिससे समाज में नई क्रांति का जन्म हुआ, लोगों के विचार परिवर्तित हुये, हम नई दिशा की ओर अग्रसर हुये। कबीर जी के सिद्धांत सदैव शास्वत रहेंगे, मानवता को उनकी देन को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। वे युगपुरूष थे, उन्होनें समाज को नई दिशा दी, उन्हे सन्मार्ग दिखाया। यह वर्तमान पीढ़ी संत कबीर जी की सदैव ऋणी रहेगी।

### युवाओं को रोजगार देना भूली सरकार: सपा

**रायपुर 23 जून।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मा. श्री नवीन गुप्ता ने प्रेस को जारी बयान में कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के नाम से युवाओं को 1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती एवं युवाओं को रोजगार के लिए कर्ज देने और कर्ज पर 50 प्रतिशत सब्सिडी देने का वादा किया था। उस दिशा में बीते 6 महीने में कुछ काम नहीं हुआ है। सत्ता मिलने के बाद भाजपा युवाओं से किए वादे को भूल गई। अभी 33 हजार पदों पर भर्ती के लिए सिर्फ बयानबाजी चल रहा है पर नतीजा साफ नहीं हो रहा है। लेकिन यह भर्ती प्रक्रिया कांग्रेस की सरकार के दौरान ही बनी थी। आज भी उसमें से 50 हजार शिक्षकों के पद खाली है उसमें भी युवाओं को अवसर मिलना चाहिए। आगे उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार प्रदेश के युवाओं को वादा अनुसार सरकारी नौकरी के अवसर प्रदान करें अभी वन विभाग, पुलिस विभाग, परिवहन विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी विभागों में पद खाली हैं। तत्काल उन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू करें। वादा अनुसार बेरोजगार युवाओं को स्वयं का रोजगार शुरू करने कर्ज की व्यवस्था करें और कर्ज में 50 प्रतिशत की जो सब्सिडी देने का वादा है उसको पूरा करें।

### भाजपा के राज में शांत छत्तीसगढ़ अशांत हो गया है: कांग्रेस

**रायपुर 23 जून।** भाजपा के राज में शांत छत्तीसगढ़ अशांत हो गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि अराजकता का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अपराधी इतने ज्यादा बेलगाम हो गये है कि राज्य में एसपी कलेक्टर कार्यालय जलाये जा रहे माबलीचिंग हो रही, थाने में चाकूबाजी हो रही सरकार सुशासन का राग अलाप रही। जबसे राज्य में भाजपा की सरकार बनी है। नागरिको को भय के माहौल जीवन जीना पड़ रहा है। अपराधी बेलगाम हो गये है। साय सरकार के राज में महिलाओं के प्रति अपराधों में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है। मासूम बच्चियों के साथ घृणित दुराचार की घटनाये बढ़ गयी। रोज समाचारों में प्रदेश भर में तीन से चार मासूम अबोध बच्चियों के साथ तथा सामूहिक दुराचार की घटनाओं की खबरे सामने आ रही। छह माह में प्रदेश में 86 से अधिक हत्याओं की घटना हो गयी है। लूट, चाकूबाजी, चैन स्नेचिंग तो रायपुर की पहचान बन गया है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राजधानी से लगे आरंग में माब लीचिंग में तीन लोगो की पीट-पीटकर हत्या कर दी जाती है। सरकार अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के बजाये उनको संरक्षण देने में लगी है। हत्यारों पर हत्या का मुकदमा दर्ज 302 के तहत करने के बजाय सरकार सदोष मानव वध का मुकदमा 304 के तहत दर्ज करवाया है ताकि अपराधियों को बचाया जा सके। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि गृहमंत्री का गृह जिला तो हत्या, लूट, मानव तस्करी का केंद्र बन गया है। 6 माह में एक दर्जन से अधिक दुर्दांत हत्या में कवर्धा में हुई है। हर दिन बलात्कार की घटनाये हो रही है।

# कबीरदास की वाणी को आत्मसात कर, उनके बताए मार्ग पर चलें: कुलबीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 जून।** मानवीय एकता के मसीहा एवं सत्य अहिंसा के प्रवर्तक युगदृष्टा संत कबीर दास जी का 627 वां प्राकट्य महोत्सव 22 जून शनिवार को कबीर पंथ समाज द्वारा मनाया गया। ग्राम मोहड़ वार्ड नं. 49 में कबीर पंथी साहू समाज द्वारा संत कबीर दास जी का प्राकट्य महोत्सव मनाया गया। इस दौरान सुबह 10 से 12 बजे तक ग्राम में भव्य शोभायात्रा निकाली गई जो ग्राम में भ्रमण करते हुए कबीर कुटिया में समाप्त हुई इसके बाद चौका आरती का आयोजन किया गया। चौका आरती महंत राजू साहेब जी दामाखेड़ा द्वारा किया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा कबीर प्राकट्य समारोह मोहड़ में शामिल होकर महंत राजू साहेब जी से आर्शीवाद लिया। इस दौरान उपस्थित सामाजिकजनों को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने कहा कि संत कबीर दास जी महज एक नाम नहीं हैं वह मानवता की एक पूरी मिसाल हैं, मानव को मानवता की ओर ले जाने में संत कबीर दास जी का अहम योगदान रहा है। ज्येष्ठ पूर्णिमा



के दिन कबीर साहेब का जन्म हुआ था मैं आज उनके 627 वें प्राकट्य महोत्सव पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। श्री छाबड़ा ने कहा कि संत कबीर साहेब जी की वाणी के एक-एक बात अनमोल हैं उनकी वाणी को संकल्प के साथ अपने जीवन में आत्मसात करें उनके बताएं मार्ग पर चले। संत कबीरदास जी अपना पूरा जीवन समाज की बुराइयों को दूर करने में लगा दिया। कबीर दास ने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त के माध्यम से सामाजिक और धार्मिक, आध्यात्मिक जीवन में अतुलनीय योगदान है। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष याहया खान.मदन साहू, स्वतंत्रदास साहू, कन्हैया हिरवानी, संतोष हिरवानी, नारायण हिरवानी, उत्तम साहू, पदमबाई हिरवानी, असनसुईया बाई, फुलबासन हिरवानी, मालती साहू, राजेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक भाई-बंधु उपस्थित थे।

# बलात्कार के आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 23 जून।** मामले का विवरण इस प्रकार है प्रार्थी दिनांक 21.06.2024 को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसकी नाबालिक भतीजी घर से बिना बताये कही चली गई जो घर वापस नहीं आयी है शंका है कि कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है कि रिपोर्ट पर थाना छुरिया में अपराध क्रमांक 153/2024 धारा 363 भादवि0 दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना क्रम में दिनांक 2.06.2024 को साइबर सेल से तकनीकी जानकारी प्राप्त कर अपहृता के महाराष्ट्र क्षेत्र में होने की सूचना पर अपहृता की बरामदगी हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग से निर्देश प्राप्त कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव श्री राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ श्री आषीष कुंजाम के मार्गदर्षन में थाना प्रभारी छुरिया निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में पुलिस टीम रवाना होकर पकोरची महाराष्ट्र पहुंचकर पतासाजी किया पतासाजी के दौरान अपहृता आरोपी राजू भेडी पिता जमनुराम भेडी जाति कलार उम्र 20 साल साकिन कोचीनारा थाना कोरची जिला गढचिरौली (महाराष्ट्र) के साथ उसके घर में मिली जिसे पूछताछ अपहृता को गवाहों के समक्ष आरोपी राजू भेडी से बरामद कर बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। अपहृता को थाना छुरिया लाया




गया अपहृता की महिला पुलिस अधिकारी से धारा 161 जा0फौ0 के अन्तर्गत कथन कराया गया, जिस पर अपहृता के कथनानुसार प्रकरण में धारा 366, 376, 376(2)(ढ) भादवि0, 6 पॉक्सो एक्ट जोड़ी गई है। आरोपी राजू भेडी पिता जमनुराम भेडी उम्र 20 साल साकिन कोचीनारा थाना कोरची जिला गढचिरौली (महाराष्ट्र) से पुछताछ की गई जिस पर आरोपी द्वारा जुर्म कारित करना स्वीकार करने पर दिनांक 22.06.2024 के 14:30 बजे विधिवत गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना आरोपी के परिजन को दिया जाकर मामला अजमानतीय होने से न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीष कुमार श्रीवास, आरक्षक 460 फुलेन्द्र राजपुत, आरक्षक 1683 अष्वन वर्मा, आरक्षक 1432 द्वारिका कलारी, आरक्षक 1546 सत्येन्द्र कुमार, आरक्षक 1569 भुनेष्वर वर्मा एवं म0आरक्षक 934 कुसुम एक्का का विषेष योगदान रहा।

### क्वांर नवरात्रि पर्व में ज्योति कलश प्रज्वलित कराने के लिए विशेष व्यवस्था 3 अक्टूबर से

**डोंगरगढ़ 23 जून।** श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति डोंगरगढ़ के द्वारा दिनांक 03 अक्टूबर 2024 से 12 अक्टूबर 2024 तक क्वांर नवरात्रि पर्व मनाया जावेगा। माता जी के जो भक्त जन विशेष व्यवस्था के तहत ऊपर मंदिर में ज्योति कलश प्रज्वलित कराना चाहते है, वे दिनांक 24 जून 2024 से ज्योति राशि जमा करा सकते है । ज्योति राशि ट्रस्ट के समस्त कार्यालय में 24 जून 2024 से ऊपर मंदिर हेतु 1100/- रुपये की राशि नगद, बैंक ड्राप्ट, या मनिआर्डर के द्वारा जमा करवाकर रसीद प्राप्त कर सकते है, इसके साथ ही साथ प्रतिदिन वर्ष भर होने वाले माता जी के विशेष अभिषेक श्रृंगार हेतु ऊपर मंदिर या नीचे मंदिर में 500/- रुपये की रसीद कटाकर विशेष अभिषेक पुजन करा सकते है, या अपने विशेष अवसरों पर माता जी की विशेष पुजा के लिये 250/- की राशि जमा कराकर विशेष पुजा करा सकते है, तथा अनवरत चल रहे ऊपर मंदिर में भंडारा प्रसाद के लिये भी दान दे सकते है, यह व्यवस्था माता जी के भक्तजनों को विशेष सुविधा के तहत दी जा रही है। उक्ताशय की जानकारी मंदिर ट्रस्ट समिति के मंत्री



# पुलिस को अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाने में मिली बड़ी सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 23 जून।** पुलिस अधीक्षक राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु0 अधि0 डोंगरगांव, श्री दिलीप सिंह सिसोदिया राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व मे दिनांक 17.06.24 को मर्ग जांच पर से मृतक के मरणासन्न कथन के आधार पर अपराध धारा- 302 भादवि का प्रथम सुचना पत्र दर्ज कर विवेचना मे लिया गया । विवेचना के दौरान घटना स्थल पर प्राप्त साक्ष्य सबुत के आधार पर आरोपी का पता तलाश किया जा रहा था जिसके विवेचना क्रम मे शेष कुमार उईके पिता स्व0 श्रीराम उईके , उम्र5 53 , पता- ग्राम चांदो, थाना डोंगरगावं ,जिला राज0 ,छ0ग0 को थाना लाकर पुछताछ किया जिन्होने बताया कि कुछ वर्षो से अशोक कुमार लेंझारे पिता रामदयाल लेंझारे , उम्र- 48 साल, पता- ग्राम कन्हारपुरी ,थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव, का इनकी पत्नि सुशीला के साथ अवैध संबंध है , अशोक लेंझारे को बार बार समझाने पर उल्टा अशोक कुमार लेंझारे के द्वारा आरोपी शेष कुमार उईके को उनकी पत्नि के साथ अवैध संबंध ना रखने देने की बात पर आरोपी शेषलाल के घर ग्राम चांदो मे जाकर उनके परिवार को जान से मारने की धमकी देता था , जिससे आरोपी परेशान होकर एक डेढ़ वर्ष पुर्व से अशोक कुमार लेंझारे की हत्या करने की योजना बना रहा था । घटना को अंजाम देने हेतू दिनांक 11.06.2024 एवं 12.06.2024 को चुना और दरम्यानी रात्रि करीबन 02.00 बजे ,अपने घर ग्राम चांदो से अपने साथ एक एल्युमिनियम के टीफिन डब्बा मे पेट्रोल भरकर , एक नग टंगिया , एक लकड़ी के डंडा मे कपड़ा लपेटकर ,एक नग लाईटर व एक छड़ का नुकीला हथियार बनाकर अशोक लेंझारे के घर ग्राम कन्हारपुरी के पास पहूंचा जहां करीबन 03.00 बजे अशोक लेंझारे की घर का दरवाजा खुला हुआ था घर का बिजली चालु हालत मे था , कमरे मे अशोक एवं उनका पत्नि सो रहे थे , अशोक लेंझारे के ऊपर आरोपी ने पेट्रोल डाला जिसमे से कुछ पेट्रोल आरोपी के हाथ व पैर पर भी गिर गया , अशोक एवं अशोक के पत्नि उषा बाई लेंझारे के साथ हाथा पाई हुआ ,आरोपी ने मसाल पर अपने पास रखे लाईटर से आग लगाकर अशोक के ऊपर आग लगा दिया ,आग लगने के बाद अशोक जलते हुये घर के बाहर रोड पर आ गया , तब आरोपी ने डंडा से अशोक को दो-तीन बार मारा और भाग गया , आग लगने से आरोपी के हाथ व पैर मे भी जला गया है , अशोक की मृत्यु आरोपी के द्वारा आग लगाने से जलकर हुई है।

### सांसद एवं कलेक्टर की उपस्थिति में नये कानूनों के संबंध में दी जानकारी

# नये कानून के संबंध में नागरिकों को होना चाहिए जागरूक: पुलिस अधीक्षक

**राजनांदगांव 23 जून।** सांसद श्री संतोष पाण्डेय एवं कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 1 जुलाई 2024 को लागू होने वाले नये कानून के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को जानकारी दी गई। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने कहा कि 1 जुलाई 2024 से नये कानून लागू हो रहे हैं। इसके संबंध में अधिकारियों के साथ ही नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। एक जुलाई से भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 प्रभावी होंगे।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से तीन नये कानून लागू होंगे। भारतीय दण्ड संहिता एवं कानून की दिशा में यह एक व्यापक परिवर्तन है। इन



कानूनों के संबंध में अधिकारियों एवं नागरिकों को जानकारी होना चाहिए। नये कानून में आरोपियों के लिए नये प्रावधान किए गए हैं। सभी के लिए आवश्यक है कि स्वयं भी इन कानूनों को समझें तथा दूसरों को भी जागरूक करें। उन्होंने बताया कि 1 जुलाई 2024 से कानून लागू होने के बाद कोई भी अपराध होने पर नये कानून के अंतर्गत घटना या अपराध पंजीबद्ध होगा। इसके अंतर्गत अपराधों के लिए न्याय व्यवस्था अंतर्गत यह व्यवस्था की गई है कि निर्धारित समय में उनका निराकरण हो सके। इसी तरह पुलिस एवं न्यायालय के लिए तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक रिपोर्ट समय पर देना होगा। इसमें पीड़ित पक्ष, आरोपी पक्ष सभी को फायदा होगा। सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए पूरी प्रक्रिया को डिजिटल किया गया है। एफआईआर की प्रक्रिया, एफआईआर के निर्णय सभी डिजिटल फार्म में होंगे। सामाजिक-आर्थिक विकास के दृष्टिकोण से सभी नागरिक अलग-अलग स्थानों में रहते हैं। ऐसी स्थिति में दस्तावेज डिजिटल होने से फायदा मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कहा कि ई-एफआईआर के लिए फोन, ई-मेल, व्हाट्सएप के माध्यम से अपराध घटित होने की सूचना दे सकते हैं। अब इसके लिए जवाबदेही तय हो जाएगी। प्रार्थी को संबंधित थाने में जाकर हस्ताक्षर कर एफआईआर दर्ज करानी होगी। थाना प्रभारी या विवेचक को जांच की जरूरत लगने पर एसडीओपी या सीएसपी की लिखित अनुमति के बाद जांच होगी। झूठी शिकायत से बचने के लिए तीन दिवस में पुलिस अधिकारी जांच करेंगे तथा गंभीर मुद्दा होने पर एफआईआर दर्ज होगी तथा विधिवत प्रकरण की विवेचना की जाएगी। यह महत्वपूर्ण है कि डिजिटल फार्म में शिकायतों को लेने से धीरे-धीरे विश्वसनीयता बढ़ेगी। उन्होंने जीरो-एफआईआर के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि पहले प्रार्थी को संबंधित थाने में ही एफआईआर दर्ज करनी होती थी, लेकिन अब जीरो एफआईआर अंतर्गत प्रार्थी को बड़ी सुविधा प्रदान की गई है और किसी भी थाने में एफआईआर दर्ज की जा सकती है। जांच करने के लिए एसडीओपी एवं सीएसपी लिखित में जांच करने के निर्देश देंगे। 14 दिवस में इसका निराकरण करना होगा। ज्यादातर अपराधों में समय पर चालान पेश होते हैं।

## समाचार संक्षेप

### विधायक रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना कार्यक्रम हुए शामिल

**छुरिया 23 जून।** साहू अम्बागढ़ चौकी के कान्हे में रानी दुर्गावती मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पहुंचकर जन मानस को संबोधित किये और नगर में शोभा यात्रा में भी शामिल हुए, साहू जी अपने उद्बोधन में कहा दुर्गावती का जन्म महोबा साम्राज्य के राजपूत महाराज कीर्तिवमन द्वतीय चंदेल जिन्हे भैरव वर्मन या शालीवाहन के नाम से भी जाना जाता है उनके पुत्री के रूप में 5 अक्तूबर 1524 को कालिंजर के किले में हूवा था । 1542 में उनकी शादी दलपत शाह से हुई जो गढ़ा साम्राज्य के गोड़ राजा संग्राम शाह के दतक पुत्र थे महोबा के चंदेल और गोडवाना इस विवाह के माध्यम से सहयोगी बन गए साथ में कार्यक्रम की अध्यक्षता की रब्बु ठाकुर जी,विशिष्ठ अतिथि नगर पंचायत अम्बागढ़ चौकी के अध्यक्ष विद्या ताम्रकार जी,नगर पंचायत चौकी के उपाध्यक्ष रितेश मेश्राम जी,चौकी मंडल अध्यक्ष गुलाब गोस्वामी जी,साधना सिंह जी,विकास लाऊत्रे जी,बिशन देवागन पार्षद ,रजिया बेगम जी, समाज प्रमुख व क्षेत्रवासी व नगरवासी उपस्थित रहे।



### कलेक्टर ने पोट्ठ लईका पहल के लोगो का किया विमोचन



**राजनांदगांव 23 जून ।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने पोट्ठ लईका पहल के लोगो का विमोचन होटल एबीस ग्रीन में किया। इस दौरान राजनांदगांव जिले के कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन, यूनिसेफ तथा एबीस इंडिया के समन्वय से पोट्ठ लईका पहल के संचालन के लिए एएमयू में हस्ताक्षर किया गया। इसी तरह मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले को कुपोषण मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी और एबीस इंडिया के साथ पोट्ठ लईका पहल के संचालन के लिए एएमयू में हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी श्री एस जयवर्धन उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि बच्चे पूरे समाज की जिम्मेदारी हैं और देश का भविष्य हैं इसलिए सभी को उनके सुपोषण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने एबीस इंडिया परिवार का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने इस क्षेत्र में पहल की है और उन्हें बच्चों के सुपोषण की दिशा में अधिक से अधिक योगदान करने हेतु प्रेरित किया। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले के गंभीर कुपोषित बच्चों को लक्षित करते उन्हें हुए सुपोषण की श्रेणी में लाने के लिए पोट्ठ लईका पहल प्रारंभ किया गया है। उन्होंने बताया कि इन बच्चों को कुपोषण मुक्त करने के लिए परिवार में स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में प्रत्येक शुक्रवार को पालक चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कम वजन वाले बच्चों के पालकों को विशेष रूप से माताओं को बच्चों के पोषण भोजन के संबंध में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि जो बच्चे सुपोषित हैं उनकी माताओं को बुलाकर सम्मानित किया जा रहा है तथा उनके माध्यम से कमजोर बच्चों की माताओं को प्रेरित किया जा रहा है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती गुरूप्रीत कौर, एबीस ग्रुप के श्री बहादुर अली उपस्थित रहे।

### स्टाप डेम निर्माण में ठेकेदार और रेंजर की मिली भगत से लाखों का भ्रष्टाचार

**नगरी 23 जून।** वन विभाग का बड़ा भ्रष्टाचार सामने आया है. जहां नगरी परिक्षेत्र में रेंजर ने नियम विरुद्ध कार्य कराकर लाखों का भ्रष्टाचार किया है, इसकी जांच होती है तो रेंजर और ठेकेदार की संलिप्तता उजागर हो जाएगा, बता दें कि शासन के ड्रीम प्रोजेक्ट नरवा विकास योजना के तहत जल का संरक्षण व संवर्धन के साथ ही गिरते जल स्तर की रोकथाम के लिए किया गया हैं लेकिन वन विभाग के अधिकारी इस योजना को भ्रष्टाचार की योजना बना दिया गया हैं। यही कारण हैं कि धरातल पर योजना साकार होने के पहले ही धराशाही हो जाती हैं,जिसका उदाहरण वन परिक्षेत्र नगरी में देखा जा सकता हैं। शासन के निर्देशानुसार जहां पर भी निर्माण कार्य किया जाता है वहां सूचना बोर्ड लगाने का निर्देश है लेकिन इस निर्देश का पालन धमतरी वन मंडल में कहीं दिखाई नहीं देता, दरअसल वन परिक्षेत्र नगरी में नरवा विकास योजना के तहत वन विभाग के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में कैंपा मद से भालू पानी नाला कक्ष क्रमांक 251 में 49 लाख रुपए की लागत से दो स्टाप डेम बनाया गया है, इसके निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है, इस स्टाप डेम के मेंन वॉल बफल वाल और साईड वॉल की गहराई की जांच किया जाए तो भ्रष्टाचार होने का खुलासा हो जाएगा,बता दें कि उक्त रेंजर तीन जगह के प्रभार पर है जो भ्रष्टाचार में संलिप्त होकर करप्शन को बढ़ावा दे रहा है,वन विभाग में वित्तीय अधिकार के मामले में रेंजर की भूमिका अहम होती है,किसी भी तरह वित्तीय लेनदेन रेंजर के जरिये ही होता है, बिना उसकी अनुमति के पैसे की निकासी नहीं हो सकती। यह मामला तो सिर्फ दो प्रकार के कार्य का है, अगर उक्त रेंजर के कार्यकाल में यहां हुए और अन्य कार्यों की जांच की जाए तो कई बड़े भ्रष्टाचार सामने आ सकते हैं।



# हक के लिए मां-बेटी के संघर्ष की कहानी

जुबली टाकीज सोनी टीवी का नया धारावाहिक है। यह मां और बेटी की अपने हक के लिए संघर्ष की कहानी है। इस तरह की कहानी पर इससे पहले एक भी धारावाहिक टीवी पर नहीं आई है। कहानी में नयापन है तो किरदारों की एक्टिंग में जान है। इस धारावाहिक में अब आगे क्या होगा की उत्सुकता है तो अलग-अलग आयामों का रोमांच है। जुबली टॉकीज के प्रसारण का इंतजार हो रहा है।

### अलग-अलग भूमिका की चाह : संजय

फिल्म वास्तव में संजय दत्त के साथ काम कर चुके संजय नार्वेकर इस धारावाहिक में एक अलग ही भूमिका में नजर आएंगे।



मराठी फिल्मों के सुपरहिट अदाकार संजय इस सीरियल में मुकेश जाधव नामक खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। संजय का कहना है कि हर कलाकार की अलग-अलग किरदार निभाने की चाह होती है। वे पहली बार निगेटिव रोल जुबली टॉकीज में कर रहे हैं। संजय कहते हैं कि नाटक व फिल्में खूब की हैं, टीवी में काम करना चाहता था। यह पूछे जाने पर कि छोटे व बड़े पर्दे में क्या फर्क है? संजय कहते हैं कि एक्टिंग तो दोनों में ही करना पड़ता है। अदाकारी में कोई फर्क नहीं है। लेकिन हां दोनों की तकनीक में जरूर अंतर हो सकता है। फिल्मों में ग्लैमर ज्यादा है। बकौल संजय जो भी काम करें शिद्दत से करें। यह पूछे जाने पर कि आप कौन सा ड्रीम रोल करना चाहते हैं। संजय ने कहा कि मैं ऐसा रोल करना चाहता हूं जो दूसरों के लिए ड्रीम हो।

### कमाल का है जुबली टॉकीज : असावरी

मराठी फिल्मों व धारावाहिकों में अपनी भूमिका का लोहा मनवा चुकीं असावरी जोशी हिन्दी फिल्मों व सीरियल की दुनिया की सशक्त हस्ताक्षर हैं। वे कहती हैं कि जुबली टाकीज की कहानी में वो सब कुछ है जो एक दर्शक चाहता है। यह 24 कैरेट शुद्ध पारिवारिक शो है। यह मां-बेटी की संघर्ष यात्रा



की कहानी है। सरावरी बताती है कि सीरियल में उनके पति की मृत्यु के बाद परिवार की संगम टॉकीज को बदमाश मुकेश जाधव हड़प लेता है। इस टॉकीज को वापस पाने मां-बेटी संघर्ष करती हैं। वे मुंबई पहुंच जाती हैं। जुबली टॉकीज स्टूडियो का नाम है। यहां वे किस्मत से पहुंच जाती है। यहां से कहानी में नया मोड़ आ जाता है। असावरी कहती हैं कि जुबली टॉकीज में अभिनय करना गौरव की बात है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सिनेमा व टीवी में काम करने में अंतर तो है सिनेमा में वक्त मिलता है। एक सीन करने के बाद तत्काल दूसरा सीन नहीं करना होता है। लेकिन टीवी में रफ्तार है। असावरी स्वीकार करती हैं कि ओटीटी प्लेटफार्म आगे निकल गया है लेकिन इसका दूसरा पहलू यह है कि ओटीटी को परिवार के साथ बैठकर नहीं देख सकते। असावरी कहती हैं कि सच्चाई यह है कि आप जो दिखाओगे जनता वही देखेगी।

### मोहब्बत है तो रंजिश भी : खुशी



इस शो की नायिका खुशी दुबे ने बताया कि जुबली टॉकीज में मोहब्बत है तो रंजिश भी है। इसमें मेरी भूमिका बेटी की है। मां-बेटी में प्यारी सी केमेस्ट्री है। तमाम परेशानियां आने के बाद भी मैं टूटती नहीं हूं। शो में मेरा नाम शिवांगी है। छोटे शहर की रहने वाली हूं। बाद में घटनाक्रम के चलते मुंबई पहुंच जाती हूं। मां मेरे साथ होती है। मेरा रोल गजब का है। मूल रूप से प्रयागराज की रहने वाली खुशी कहती हैं सपने देखना मत भूलिए, पिक्चर अभी बाकी है।

### पारिवारिक धारावाहिक है : अभिषेक



नायक की भूमिका कर रहे अभिषेक बजाज ने कहा कि कहानी के संदर्भ में देखें तो यह शो दर्शकों को बांधे रखेगा। इस धारावाहिक में कई फ्लेवर है। पारिवारिक और मनोरंजक है। अभिषेक ने बताया कि इस सीरियल से जुड़कर उन्हें खुशी हो रही है। इसमें तूफानी रोमांच है।

# रिश्वत के चक्कर में हप्पू को हुई जेल!

एण्डटीवी के घरेलू कॉमेडी 'हप्पू की उलटन पलटन' में दरोगा हप्पू सिंह (योगेश त्रिपाठी) और उनका 'न्यौछाव' या रिश्वत मांगने का अनूठा तरीका बेहद लोकप्रिय है और दर्शकों का लगातार मनोरंजन करता रहता है। हालांकि, आगामी कहानी में हप्पू अपनी इस हरकत की वजह से बहुत बड़ी मुश्किल में फंस जाता है। इस शो में राजेश का किरदार निभा रहीं गीतांजलि मिश्रा ने आगामी कहानी के बारे में बताते हुये कहा, ''राजेश, कटोरी अम्मा (हिमानी शिवपुरी) और बच्चे हप्पू (योगेश त्रिपाठी) को कंजूस होने और उन्हें कभी भी किसी सफर पर बाहर नहीं ले जाने के लिये ताना मारते हैं। हप्पू परेशान हो जाता है और बेनी (विश्वनाथ चटर्जी) से अपने दिल की बात कहता है। बेनी उसे सलाह देता है कि वह ज्यादा कमाई करने के लिये और ज्यादा रिश्वत मांगे और परिवार वालों की मांग पूरी करे। हप्पू, मनोहर (नितिन जाधव) के साथ पुलिस स्टेशन में शिकायत लिखवाने के लिये आने वाले लोगों से रिश्वत लेना शुरू कर देता है। जब मलाइका (सोनल पवार) को हप्पू के भ्रष्टाचार के बारे में पता चलता है, वह उसे सबक सिखाने का फैसला करती है। वह कमिश्नर (किशोर भानूशाली) को अपने प्लान में शामिल करती है और वे हप्पू से सवाल-जवाब करने के लिये एक नकली पुलिस अधिकारी को भेजते हैं। शुरूआत में, हप्पू उसे गंभीरता से नहीं लेता है।'' मलाइका (सोनल पंवार) आगे कहती हैं, ''बाद में नकली अधिकारी हप्पू को उसकी बात मानने के लिये राजी कर लेता है। वह हप्पू को गरीब बच्चों को खाना खिलाने के लिये कहता है, नहीं तो उसे कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। हप्पू मान जाता है, लेकिन उसे कोई गरीब बच्चा नहीं मिलता। हप्पू परेशानी से बचने के लिये बेनी और मनोहर के साथ मिलकर अपने बच्चों चमची (जारा वारसी) और रणबीर (सौम्या आजाद) को गरीब बच्चों की तरह तैयार करने, उन्हें खाना खिलाने और सबूत के तौर पर उनका वीडियो बनाने की योजना बनाता है। हालांकि, तीनों पकड़े जाते हैं और उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाता है।''हप्पू, बेनी और मनोहर जेल से बाहर कैसे आयेंगे?



# कामन लड़की की कहानी है मिश्री : श्रुति बिस्ट

कलर्स टीवी पर तीन जुलाई से हर रोज रात साढ़े आठ बजे से प्रसारित होने वाला सीरियल 'मिश्री' की कहानी बेहद मीठी है। इस धारावाहिक की मुख्य किरदार श्रुति बिस्ट ने तरुण छत्तीसगढ़ से बातचीत की। धारावाहिक में मिश्री का रोल निभा रही श्रुति का कहना है कि मिश्री एक आम लड़की की कहानी है।



जो हर घर में पाई जाती है। हर घर में कोई न कोई मिश्री होगी। हर किसी के जीवन में तकलीफ होती है। किसी-किसी को जल्दी ही जिम्मेदारी उठानी पड़ जाती है। मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। मिश्री भी तकलीफों का सामना करती है, बहुत बार हारती है परंतु हौसला कायम रखती है। श्रुति बताती हैं कि मिश्री को झगड़ा पसंद नहीं है, वह प्यारी सी लड़की है। घर को जोड़कर रखती है। जानवर उसे पसंद है। श्रुति भी वास्तविक जीवन में कुछ इसी तरह की है। श्रुति कहती हैं कि मेरी भूमिका मिश्री की तरह मीठी है। लोग मिश्री को लकी मानते हैं। जहां मिश्री जाती है वहां भाग्य आ जाता है। मिश्री के कदम पड़ने से नहीं हो रहे काम हो जाते हैं। लेकिन मिश्री मानती है कि मेहनत से ही लक हासिल किया जा सकता है। यह शो क्या संदेश दे रहा है? इस सवाल के जवाब में श्रुति ने कहा कि कोई भी निगेटिव नहीं है। सबको परेशानी होती है किंतु उम्मीद टूटने नहीं देना चाहिए। लड़कियों को मुश्किलों से नहीं घबराना चाहिए। श्रुति ने जोर देकर कहा कि शिक्षा बेहद जरूरी है। लड़कियों को पढ़ना चाहिए। श्रुति ने कहा कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ। मिश्रा का करेक्टर मुझे बेहद पसंद है। मिश्री से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिलता है। मिश्री डरती तो है किंतु दिल की बात कहने से घबराती नहीं है। उसे जो सही लगता है वह कह जाती है। श्रुति बताती है कि शौक-शौक में ही अभियन की दुनिया में आ गई हूं।

## कृति खरबंदा और राणा दग्गुबाती जल्द ही एक साथ दिखेंगे एक नए प्रोजेक्ट में





कृति खरबंदा और राणा दग्गुबाती एक नए प्रोजेक्ट के लिए साथ आ रहे हैं, जो अभी निर्माणाधीन है! कथित तौर पर फिल्मांकन अच्छी तरह से चल रहा है, जिसमें 50% मुख्य शूटिंग पूरी हो चुकी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारियों को गुप्त रखा जा रहा है। हालांकि, प्रशंसक जल्द ही और भी बहुत कुछ देखने की उम्मीद कर सकते हैं क्योंकि अगला फिल्मांकन शेड्यूल जल्द ही शुरू होने वाला है। दिलचस्प बात यह है कि कृति खरबंदा ने अपने किरदार के लिए अपने बाल कटवा लिए हैं, एक नया लुक जिसे वह हाल ही में दिखा रही हैं और जिसे खूब सराहा गया है। कृति भारतीय सिनेमा में एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं, जिन्होंने हिंदी, कन्नड़ और तेलुगु फिल्मों में खुद को स्थापित किया है। 2009 में "बोनी" में अपने तेलुगु डेब्यू के बाद, वह कन्नड़ फिल्म "गुगली" से प्रमुखता में आईं। उन्होंने 2016 में "राज रीबूट" में अपनी पहली फिल्म के साथ बॉलीवुड में सफलतापूर्वक कदम रखा, "शादी में जरूर आना", "हाउसफुल 4" और "पागलपंती" जैसी फिल्मों में प्रशंसित अभिनय के साथ अपनी जगह को और मजबूत किया।

## आलिया, दीपिका और कियारा भारत की सबसे मूल्यवान हस्तियों की सूची में शामिल हुई

वित्तीय और जोखिम सलाहकार फर्म क्रॉल की एक नई रिपोर्ट में भारत की सबसे मूल्यवान हस्तियों की शीर्ष रैंक में बदलाव का खुलासा हुआ है। आलिया भट्ट, दीपिका पादुकोण और कियारा आडवाणी भारत की सबसे मूल्यवान हस्तियों की सूची 2023 में अपनी जगह बनाने वाली शीर्ष तीन अभिनेत्रियाँ बन गई हैं।



"सेलिब्रिटी ब्रांड वैल्यूएशन रिपोर्ट 2023: ब्रांड, व्यवसाय, बॉलीवुड" शीर्षक वाली रिपोर्ट में आलिया भट्ट को $101.1 मिलियन के ब्रांड मूल्य के साथ पांचवें स्थान पर और दीपिका पादुकोण को $96 मिलियन के साथ छठे स्थान पर दिखाया गया है। दोनों अभिनेत्रियों की 2022 की रैंकिंग में मामूली गिरावट देखी गई। हालांकि, सबसे बड़ी कहानी यह है कि कियारा आडवाणी, जो 2022 में 16वें स्थान पर थीं, 2023 में $60 मिलियन के ब्रांड मूल्य के साथ 12वें स्थान पर पहुँच गईं। यह प्रभावशाली वृद्धि भारतीय बाजार में उनके बढ़ते प्रभाव को उजागर करती है। रिपोर्ट में सेलिब्रिटी एंडोर्समेंट ट्रेंड्स पर भी चर्चा की गई है। इसमें पाया गया कि पिछले साल शीर्ष 25 हस्तियों ने विभिन्न क्षेत्रों में 300 से अधिक ब्रांडों का समर्थन किया.

## दीपिका पादुकोण से लेकर सान्या मल्होत्रा तक- पांच भारतीय अभिनेत्रियाँ जिन्होंने अपनी फिल्मों में छोटे बाल रखे

भारतीय सिनेमा के क्षेत्र में, न केवल अभिनेता, बल्कि अभिनेत्रियाँ भी अपने किरदारों को जीवंत करने के लिए बहुत कुछ करने के लिए जानी जाती हैं। कभी-कभी, ये सितारे प्रामाणिकता के लिए आमूलचूल शारीरिक परिवर्तन करते हैं, जबकि कभी-कभी वे अपने रूप और दिखावट के साथ प्रयोग करते हैं। आइए उन प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों पर एक नज़र डालते हैं, जिन्होंने किसी भी परिवर्तन से गुजरने की चुनौती ली।



1. **दीपिका पादुकोण**–प्रतिभाशाली अभिनेत्री दीपिका पादुकोण भारतीय सिनेमा में उन नामों में से हैं, जो अपने प्रदर्शन और ऑन-स्क्रीन उपस्थिति से अमिट छाप छोड़ने में कभी असफल नहीं होती हैं। अभिनेत्री ने सिद्धार्थ आनंद की ''पठान'' में छोटे और नुकीले बालों वाले लुक को अपनाकर सभी को चौंका दिया।

2. **आलिया भट्ट**–अभिनेत्री आलिया भट्ट जल्द ही करण जौहर की 'जिगरा' में नज़र आएंगी। महिला केंद्रित एक्शन ड्रामा में, आलिया भट्ट मुख्य नायिका की भूमिका निभा रही हैं और फिल्म में उनका किरदार छोटे बालों में नज़र आएगा।

3. **कृति खरबंदा**–बेहतरीन अभिनय के लिए मशहूर कृति खरबंदा भारतीय सिनेमा के उन नामों में से हैं जो अपने किरदार के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार रहती हैं। राणा दग्गुबाती के साथ हाल ही में घोषित उनकी अनाम फिल्म में कृति किरदार की मांग को ध्यान में रखते हुए छोटे बाल रखे हुए नजर आएंगी।

4. **यामी गौतम**–अभिनेत्री यामी गौतम, जो अपने दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं, 'उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक' में शॉर्ट-बॉब हेयरकट में नजर आईं। न केवल उनके अभिनय बल्कि उनके छोटे बालों के लुक ने भी सबका ध्यान खींचा और सभी ने उनकी तारीफ की।

5. **सान्या मल्होत्रा**–बायोग्राफिकल स्पोर्ट्स ड्रामा "दंगल" (2016) में एक महत्वाकांक्षी पहलवान बबीता कुमारी की भूमिका निभाने के लिए, सान्या मल्होत्रा ने छोटे, यथार्थवादी लुक के लिए अपने लंबे बाल कटवा दिए। यह प्रामाणिकता और किरदार की गहराई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है और उनके शारीरिक परिवर्तन की काफी सराहना की गई।

# तूफानी रोमांस है 'जुबिली टॉकीज़' में

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न से एक और दिलचस्प नया रोमांस - ''जुबिली टॉकीज़ - शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत'' आ रहा है। यह शो प्यार, ड्रामा और साज़िश के अपने मनोरम प्रदर्शन से उम्मीद से बेहतर होने का वादा करते हुए, एक प्रभावशाली सुपरस्टार, अयान ग्रोवर और एक छोटे शहर में स्थित एक थिएटर की मालकिन, शिवांगी सावंत की अप्रत्याशित प्रेम कहानी पर प्रकाश डालता है, जिनकी दुनिया एक तूफानी रोमांस में टकराती है। सौरभ तिवारी के पैरिन मल्टीमीडिया द्वारा निर्मित, "ज़ुबिली टॉकीज़ - शोहरत.शिद्दत.मोहब्बत" का प्रीमियर 24 जून 2024 को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न पर होगा, और यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 8:00 बजे प्रसारित होगा। यह आकर्षक कहानी महाराष्ट्र के एक छोटे से शहर में




रहने वाली सीधी-सादी लड़की शिवांगी सावंत और लाखों फैंस के चहेते सुपरस्टार अयान ग्रोवर की ज़िंदगी को दर्शाती है। सिनेमा के प्रति शिवांगी का गहरा प्यार उसे उसके पिता के सपने को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है, जहां वह अपने प्यारी विरासत 'संगम सिनेमा' के खोए हुए गौरव को फिर से हासिल करना चाहते हैं, और उसका मानना है कि 'अयान ग्रोवर' की एक सुपरहिट फिल्म संगम सिनेमा की किस्मत को बदलने में उनकी मदद करेगी। मुंबई में, शिवांगी की मुलाकात अयान उर्फ एजी से होती है, और उनकी अप्रत्याशित मुलाकात से एक तूफानी रोमांस शुरू होता है, जो फिल्म उद्योग की चकाचौंध और ग्लैमर के बीच सामने आता है। इस मनोरंजक कहानी में अयान ग्रोवर की भूमिका में अभिषेक बजाज, शिवांगी सावंत के रूप में खुशी दुबे, बॉबी की भूमिका में असावरी जोशी और मुकेश जाधव के रूप में संजय नार्वेकर शामिल हैं। आधुनिक भावुकता और दृढ़ निश्चय वाली एक सीधी-सादी लड़की शिवांगी सावंत का किरदार निभाना चुनौती और सम्मान दोनों की बात है।

## प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 ई. एक हफ्ते से भी कम समय में रिलीज होने वाली है

पहले ट्रेलर को कुछ खास आकर्षण नहीं मिला। जहाँ नाग अश्विन की महत्वाकांक्षी दृष्टि और अमिताभ बच्चन, कमल हासन और प्रभास के प्रभावशाली अभिनय की प्रशंसा की गई,



वहीं डबिंग के मुद्दों, शक्तिशाली संवादों की कमी और कुछ वीएफएक्स गड़बड़ियों को लेकर आलोचनाएँ भी हुईं। कल, मुंबई के कार्यक्रम में, कल्कि 2898 ई. का दूसरा ट्रेलर विशेष रूप से मीडिया के लिए जारी किया गया। निर्माताओं ने यह भी सुनिश्चित किया कि यह ऑनलाइन लीक न हो। उन्होंने घोषणा की कि रिलीज़ ट्रेलर 21 जून को डिजिटल रूप से रिलीज़ किया जाएगा। हमारे सूत्रों के अनुसार, कल्कि 2898 ई. का दूसरा ट्रेलर, जिसे रिलीज़ ट्रेलर के रूप में भी जाना जाता है, एक विजुअल स्पेक्टेकल है, लेकिन इसमें बहुत सारे संवाद नहीं हैं। कमल हासन और अमिताभ बच्चन अपने लुक में कमाल के लग रहे हैं, और दीपिका पादुकोण भी लाइमलाइट बटोर रही हैं। प्रभास भी तकनीक-प्रेमी वाहनों और मशीनरी के साथ अच्छे लग रहे हैं। प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 ई. एक सप्ताह से भी कम समय में रिलीज होने वाली है। नाग अश्विन द्वारा निर्देशित यह पौराणिक विज्ञान-फाई महाकाव्य अपने लक्षित दर्शकों के बीच अच्छी चर्चा बटोर रहा है।

## जान्हवी कपूर ने पूरी म्यूजिक टीम के साथ मुंबई में मिस्टर एंड मिसेज माही का एल्बम लॉन्च किया

शुक्रवार को, साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक, मिस्टर एंड मिसेज माही के कलाकार और पूरी म्यूजिक टीम मुंबई में एक विशेष अनुभव पर फिल्म का एल्बम लॉन्च करने के लिए एक साथ आई। दुनिया के अग्रणी ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म Spotify और सोनी म्यूज़िक इंडिया ने जान्हवी कपूर के साथ-साथ निर्देशक शरण शर्मा और फ़िल्म के साउंडट्रैक के पीछे के संगीतकारों तनिष्क बागची, विशाल मिश्रा, जुबिन नौटियाल, जानी और उनकी टीम, कौसर मुनीर, नीति मोहन, कविता सेठ, लक्ष्य कपूर, अचिंत, मोहम्मद फ़ैज़, ध्रुव ढल्ला को एक साथ लाया, जहाँ दोपहर में परफ़ॉर्मेंस और बातचीत हुई, जिसके बाद 7 गानों वाला एल्बम रिलीज़ किया गया। फ़िल्म के दो गाने, 'देखा तेनु' और 'अगर हो तुम' रिलीज़ हो चुके हैं और दुनिया भर के श्रोताओं के बीच पहले से ही धूम मचा रहे हैं।

## विक्स ने पवरहाउस रनवीर सिंह के साथ किया सबसे बड़ी खबर का खुलासा

विक्स ने पवरहाउस ब्रांड एंबेसडर रनवीर सिंह के साथ आज विक्स की सबसे बड़ी खबर विक्स की गोली अब हो गई बड़ी की घोषणा की जिसमें लगभग दो दशकों में भारत के प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रप्स के डबल पवर्ड परिवर्तन का अनावरण किया गया। पीएंडजी इंडिया में कैटेगरी लीडर, कंज़्यूमर हैल्थकेयर, साहिल सेठी ने कहा ब्रांड की प्रतिष्ठित जिंगल, विक्स की गोली लो खिच खिच दूर करो फौरन उस पुराने समय की यादों में ले जाती है, जब विक्स कफ ड्रप्स ने सन 1960 से भारतीयों की कई पीढ़ियों को बिना खिच-खिच के बोलने में मदद की थी। हमारे ग्राहक क्या चाहते हैं, यह समझकर और उनके द्वारा दी गई जानकारी को अपने उत्पाद के फर्मुलेशन और पैकेजिंग में शामिल करके इस विरासत को मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता के साथ हम दशकों में सबसे बड़ी खबर पेश करने के लिए उत्साहित हैं कि हम अपनी प्रतिष्ठित त्रिकोणीय विक्स कफ ड्रप्स का पहला डबल पवर्ड परिवर्तन, विक्स डबल पवर कफ ड्रप्स लेकर आए हैं। खाँसी और गले की खराश से राहत पाने के लिए बड़े आकार में अपनी पसंदीदा कफ ड्रप लेने की ग्राहकों की जरूरत और उनकी प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई हमारी 'विक्स डबल पवर कफ ड्रप्स' एक बड़ी गोली है, जो बड़ी राहत प्रदान करती है।

## विवादित डायलॉग से भरा फ़िल्म जहाँगीर नेशनल यूनिवर्सिटी का जबरदस्त ट्रेलर हुआ आउट

उर्वशी रौतेला, पीयूष मिश्रा, रवि किशन, सिद्धार्थ बोडके, विजय राज, रश्मि देसाई, अतुल पांडे और शिवज्योति राजपूत जैसे प्रतिभाशाली कलाकारो से सजी फ़िल्म जहाँगीर नेशनल यूनिवर्सिटी" सेंसर बोर्ड से ग्रीन सिग्नल मिलने के बाद 21 जून 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है।




जहाँगीर नेशनल यूनिवर्सिटी (JNU) के टीज़र के बाद अब इसका जबरदस्त ट्रेलर रिलीज़ हुआ है। विवादित कथानक पर आधारित इस फिल्म के ट्रेलर ने और भी ज़्यादा बहस छेड़ दी है। यूनिवर्सिटी कैंपस में मार्क्सवादी विचारधारा के वर्चस्व को यह ट्रेलर दर्शाता है। "ये लेफ्ट यूनिट वालों ने पूरे कैम्पस को जातपात में बांट दिया है।" ट्रेलर में इस तरह के संवाद इसको और भी प्रभावी बनाते हैं। "अब हम बोलेंगे भी और लड़ेंगे भी।" इस प्रकार के डायलॉग से भरे ट्रेलर ने फ़िल्म की झलकी पेश कर दी है। यूनिवर्सिटी कैंपस की राजनीति कहाँ से जुड़ी होती है इस एक लाइन से पता चलता है कि "यहां से सीधे संसद में...।" गोधरा वाले पीएम बनने का सपना पाले बैठे हैं और अफ़ज़ल हम शर्मिंदा है। तेरे क़ातिल ज़िंदा हैं जैसे विवादित डायलॉग फ़िल्म के ट्रेलर में देखे जा सकते है। क्या एक यूनिवर्सिटी पूरे देश को हिला सकती है?ट्रेलर का सार यही है।

## मेंटली चैलेंज्ड रोगी का सफलतापूर्वक इलाज

**अहमदाबाद :** ईवा वीमेन्स हॉस्पिटल ने एडवान्स एडेनोमायसिस से पीड़ित मानसिक रूप से विकलांग रोगी का सफलतापूर्वक इलाज किया, खास बात यह थी कि रोगी को स्टेज IV एंडोमेट्रियोसिस भी है जो एक गंभीर रोग है। नारणपुरा की निवासी 35 वर्षीय भूमिका प्रजापति मासिक धर्म के दौरान गंभीर रक्तस्राव और तीव्र दर्द से पीड़ित थी। उनके रोग की जटिलता अधिक हो गई क्योंकि



वे मेन्टली चेलेन्ज्ड भी हैं, उन्हे असाधारण स्तर की देखभाल और विशेषज्ञता की आवश्यकता थी। ईवा महिला अस्पताल में डॉ. दीपक लिंबाचिया और उनकी अत्यधिक कुशल टीम ने रोगी की विशेष जरूरतों के अनुरूप उन्नत तकनीकों का उपयोग करके जटिल सर्जरी की। प्रक्रिया सफल रही जिससे उनके रोगों लक्षणों में काफी कमी आई। देश के प्रतिष्ठित लेप्रोस्कोपिक सर्जनों में से एक और ईवा महिला अस्पताल के संस्थापक डॉ. लिंबाचिया ने कहा, "सुश्री प्रजापति के मामला काफी जटिल था. अत्यधिक चुनौतियाँ थीं और असाधारण देखभाल की आवश्यकता थी। हमारी टीम का समर्पण और ईवा वीमेन्स होस्पिटल में अत्याधुनिक सुविधाएं होने के कारण उपचार को हम प्रभावी ढंग से कर सके। हम सकारात्मक परिणाम से काफी खुश हैं ।" एंडोमेट्रियोसिस एक दर्दनाक रोग है जिसमें गर्भाशय के अंदर की परत में जो कोशिकाऐं होती हैं वैसी ही समान कोशिकाऐं बहार की तरफ विकसित होने लगती हैं.

## खलनायक की भूमिका निभाते समय मैं खुद को नायिका मानती हूं

अपने अनोखे किरदारों के लिए टीवी की प्रसिद्ध अभिनेत्री संगीता घोष के फैन्स को ख़ुश कर देने वाली खबर सामने आई है। सन नियो के नए शो 'साझा सिंदूर' के साथ उन्होंने टीवी स्क्रीन पर अपनी वापसी दर्ज की है। राजस्थान के शाही परिवार की भव्य पृष्ठभूमि पर आधारित यह शो राजस्थानी शोभा और परंपराओं को दर्शाता है। इतना ही नहीं



शो में रिश्तों की जटिलता और समाज में महिलाओं के संघर्षों की पड़ताल की जाएगी, जिसमें प्रेम, विश्वासघात और सामाजिक चुनौतियों जैसे विषयों को शामिल किया जाएगा। संगीता घोष शो में सरोज की भूमिका निभाएंगी, जो शो की खलनायिका हैं। हाल ही में, प्रतिभाशाली अभिनेत्री से संगीता घोष से हुई ख़ास बातचीत में उन्होंने ऑन-स्क्रीन नेगेटिव किरदारों, अपने दृष्टिकोण और शो के कॉन्सेप्ट को लेकर खुलकर चर्चा की। अपने दृष्टिकोण का खुलासा करते हुए संगीता घोष ने कहा, "जब मैं ऑन-स्क्रीन नेगेटिव भूमिका निभाने के बारे में सोचती हूं तो मैं खुद को कहानी की नायिका के रूप में देखती हूं। मैं सोचती हूं कि यह मेरी कहानी है और मैं इसकी नायिका हूं। जब मेरे पास यह शो आया तो मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी। अगर मैं खुद को किसी रोल में देख पाती हूं तो ही मैं उसेअच्छी तरह से चित्रित कर पाऊंगी। मैं किसी भी चीज़ को पूरी तरह नकारात्मक या सकारात्मक नहीं देखती; मैं किरदार के बारे में सोचती हूं और उसे इसी तरह चित्रित करती हूं। सरोज के किरदार में कई लेयर्स हैं जो देखना दर्शकों के लिए बहुत दिलचस्प होगा.

## भाबियों को इम्प्रेस करना पड़ा तिवारी-विभूति पर भारी!

एण्डटीवी के कल्ट कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' में मनमोहन तिवारी (रोहिताश्व गौड़) और विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) अनीता (विदिशा श्रीवास्तव) और अंगूरी (शुभांगी अत्रे) भाबी को इम्प्रेस करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। उनकी हरकतें हमेशा हास्यास्पद स्थितियों को बढ़ावा देती हैं, लेकिन इस बार भाबियों को इम्प्रेस करने के लिये उनकी मनोरंजक कोशिश कुछ अलग ही रंग दिखाने वाली है। कहानी के इस दिलचस्प और मनोरंजक हिस्से पर



रोशनी डालते हुए, विभूति नारायण मिश्रा (आसिफ शेख) ने बताया, ''तिवारी गलती से अनीता को यह कहते सुन लेता है कि उसे एक खास एटिट्यूड वाले और थोड़े अक्खड़ किस्म के लोग पसंद हैं। विभूति इस बीच अंगूरी को यह कहते सुन लेता है कि उसे बहुत विनम्र और सादे लोग पसंद हैं। अब उनका दिल जीतने के लिये तिवारी और विभूति ऐसे ही इंसान बनने की कोशिश करते हैं, ताकि उन्हें इम्प्रेस किया जा सके। अनीता का आदर्श बनने के लिये तिवारी एक सरकारी अधिकारी का अपमान कर उसे नाराज कर देता है। हालांकि, वह परेशानी में पड़ जाता है, जब गुस्से में वह अधिकारी उसका बिजनेस बंद करने और उसके घर पर छापा मारने की धमकी देता है। वह तिवारी को उससे छुटकारा पाने के लिए अनीता के साथ एक डिनर डेट का इंतजाम करने के लिये भी मजबूर करता है, और इससे तिवारी तनाव में आ जाता है।'' रोहिताश्व गौड़ (मनमोहन तिवारी) ने आगे बताया, ''इसी तरह अंगूरी के सामने विनम्र दिखने के लिये विभूति की कोशिशों पर एक भिखारी की नजर पड़ जाती है।

## बॉलीवुड ने योग दिवस मनाया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर, दुनिया एक साझा उद्देश्य के लिए एकजुट होती है - योग की प्राचीन प्रथा और स्वास्थ्य पर इसके गहन प्रभाव का जश्न मनाने के लिए। इस वर्ष की थीम 'स्वयं और समाज के लिए योग' है और भारत से इस अभियान का नेतृत्व हमारी अपनी बॉलीवुड अभिनेत्रियाँ कर रही हैं, जो न केवल अपनी ऑन-स्क्रीन खूबसूरती के लिए जानी जाती हैं, बल्कि समग्र फिटनेस के प्रति अपने समर्पण के लिए भी जानी जाती हैं।



**कियारा आडवाणी** अपनी सुबह की शुरुआत एक समर्पित योग सत्र से करती हैं, जिसमें लचीलापन और दिमागीपन बढ़ाने वाले आसनों पर जोर दिया जाता है। उनके लिए, योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि मन, शरीर और आत्मा को एक साथ लाने का एक साधन है।

**करीना कपूर खान,** जो फिटनेस के प्रति अपने समर्पण के लिए जानी जाती हैं, ने लंबे समय से योग को अपनी दिनचर्या का आधार बनाया है। मातृत्व की उनकी यात्रा ने योग की शारीरिक और मानसिक लचीलापन दोनों को पोषित करने की क्षमता में उनके विश्वास को मजबूत किया।

**आलिया भट्ट** को अपने व्यस्त कार्यक्रम के बीच योग की क्षमता में सांत्वना मिलती है। योग के शांत करने वाले प्रभाव उन्हें आत्म-खोज, ध्यान और संतुलन बनाए रखने में मदद करते हैं, जो उनके गतिशील करियर के लिए आवश्यक है।

**शिल्पा शेट्टी,** जो योग की लंबे समय से समर्थक हैं, ने अपने फिटनेस उपक्रमों के माध्यम से इसके अभ्यास को लोकप्रिय बनाया है। उनकी विशेषज्ञता शारीरिक आसनों से परे प्राणायाम और ध्यान को शामिल करती है, जो एक समग्र जीवन शैली की वकालत करती है।

**दीपिका पादुकोण** योग को एक समग्र अभ्यास के रूप में समर्थन करती हैं जो समग्र कल्याण को बढ़ावा देता है। योग के प्रति उनका अनुशासित दृष्टिकोण शारीरिक और भावनात्मक दोनों रूप से इसकी परिवर्तनकारी शक्ति में उनके विश्वास को दर्शाता है।

**कृति खरबंदा** ने बॉलीवुड में अपनी यात्रा के दौरान योग के लाभों की खोज की, इसे तनाव प्रबंधन और जीवन शक्ति के लिए एक उपकरण के रूप में अपनाया। वह अक्सर अपने योग दिनचर्या को प्रशंसकों के साथ साझा करती हैं, उन्हें इसकी उपचार क्षमता का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित करती हैं।

**अनन्या पांडे** अपने बढ़ते स्टारडम के बीच ऊर्जावान और स्थिर रहने के लिए योग को शामिल करती हैं। यह अभ्यास न केवल उनकी शारीरिक शक्ति को बढ़ाता है बल्कि आंतरिक सद्भाव की भावना को भी पोषित करता है।

**डायना पेंटी** इसके कायाकल्प प्रभावों के लिए योग की ओर रुख करती हैं, खासकर व्यस्त शूटिंग के बाद। यह अभ्यास उसे संतुलन बनाए रखने और ऊर्जा के स्तर को बहाल करने में मदद करता है, जो उसके मांग वाले पेशे में महत्वपूर्ण है।

**कुबरा सैत** योग के समावेशी दर्शन को अपनाती हैं, हर उम्र और पृष्ठभूमि के लोगों के लिए इसकी पहुँच पर जोर देती हैं। योग के साथ उनकी यात्रा स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में इसकी सार्वभौमिक अपील को रेखांकित करती है।

### भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नारायणपुर में किया गया आयोजन

# भाजपा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 23 जून।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय नारायणपुर में भाजपा जिलाध्यक्ष रुपसाय सलाम की अध्यक्षता में जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें पुष्पांजलि दी गई।

इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए मुखर्जी द्वारा भारतीय राजनीति में राजनीतिक सिद्धांतों की स्थापना मैं योगदान के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तार से अवगत कराया। साथ ही राष्ट्र व समाज सेवा में प्रत्येक व्यक्ति द्वारा ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करने के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी से प्रेरणा लेते हुए कार्य करने के लिए कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस अवसर पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन, भाजपा नेता गौतम गोलछा, भाजपा जिलामहामंत्री द्वय संजय नंदी, संदीप झा, भाजपा नेता जयप्रकाश शर्मा, संतोष सुराना,सुदीप झा, सुकमन कचलाम, नरेंद्र मेश्राम, शाहरुख पोटियावाला, प्रितेश जैन सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्लेसमेंट का आयोजन 28 जून को

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कांकेर में 28 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 339 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी दी है कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सेक्युरिटी गार्ड के 150, सेक्युटरी सुपरवाईजर के 50, फायर मेन 20, वाहन चालक हैवी के 10, होम केयर के 100 और शिक्षक के 09 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाएगा। इच्छुक आवेदक प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर नियोक्ता द्वारा प्राथमिक चयन कर साक्षात्कार लेकर उसकी सूचना फोन के माध्यम से आवेदक को दिया जाएगा।

### कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान की गुफा 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए बंद

**जगदलपुर, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक द्वारा वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा हेतु 16 जून से 30 अक्टूबर 2024 तक कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान अन्तर्गत आने वाले गुफा स्थल कोटमसर गुफा, कैलाश गुफा एवं अन्य सभी गुफा स्थल को आगामी आदेश तक पर्यटन प्रयोजन हेतु निषेध किया गया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 3 जुलाई तक

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के समस्त शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में सत्र अगस्त 2024-25 एवं 2024-26 में प्रवेश के लिए संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण के विभागीय वेबसाइट cgiti.cgstate.gov.in के 'ऑनलाईन एप्लिकेशन 2024 पर क्लिक कर अपना पंजीयन एवं प्रवेश हेतु व्यवसाय का चयन कर सकते हैं। आवेदकों के पंजीयन के लिये वेबसाइट पर यूजर मैन्युअल दिया गया है, जिसका अवलोकन किया जा सकता है। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की तिथि 22 जून से 03 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

### ग्राम पंचायत बालपेट में मनाया गया योग दिवस

**दंतेवाड़ा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के साथ ही ग्राम पंचायत बालपेट में सामूहिक योग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित जनपद पंचायत सीईओ श्रीमती क्रांति ध्रुव ने कहा कि मानसिक और शारीरिक विकास के लिए योग बहुत आवश्यक है, स्वस्थ दिनचर्या के लिए हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए। जहां इस मौके पर बच्चे, युवा और महिलाओं ने विभिन्न मुद्राओं में योगाभ्यास करते हुए योग के माध्यम से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार ''प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'' के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। ''प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार'' के लिए 31 जुलाई 2024 तक आवेदन किए जा सकते हैं। ''पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार''-2025 के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आवेदन किए जा सकते हैं। राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 18 वर्ष तक की हो, को ही प्रदान किए जाते हैं। पुरस्कार से जुड़ी अन्य जानकारी https://awards.gov.in पर देखी जा सकती है।

### न्यायालय परिसर में 'स्वयं और समाज के लिए योग' थीम पर मनाया गया योग दिवस

# योग से दूर होते हैं शारीरिक व मानसिक विकार, बढ़ता है मनोबल : न्यायाधीश





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उत्तर बस्तर/कांकेर, 23 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में ''स्वयं और समाज के लिए योग'' थीम के अंतर्गत योग दिवस मनाया गया। जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री आनंद कुमार ध्रुव के द्वारा योग करने एवं उससे होने वाले फायदे के बारे में बताया गया। उन्होंने कहा कि हमें प्रतिदिन योग करना चाहिए, इससे व्यक्ति शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहता है। साथ ही शरीर में आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ता है। उक्त योग कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती लीना अग्रवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री भूपेन्द्र कुमार वासनीकर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री भास्कर मिश्र, अधिवक्तागण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## कृषि महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**उत्तर बस्तर/कांकेर, 23 जून।** रामप्रसाद पोटाई कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र, सिंगारभाट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर कर योग के उद्देश्य को लोगों तक पहुंचाने का संदेश दिया गया। साथ ही योगासन कर लोगों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया गया। अधिष्ठाता डॉ. एन.के. रस्तोगी ने अपने उद्बोधन में योग की अवधारणा पर प्रकाश में डालते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कार्यालयीन स्टाफ एवं छात्रों को मानसिक और शारीरिक अवसाद से बचने के लिए योग को दैनिक जीवन में अपनाने की अपील की गई। उन्होंने पढ़ाई के साथ-साथ योग को भी आवश्यक बताया। प्रभारी राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. पी.के. नेताम ने मनुष्य जीवन में योग की अहम भूमिका को बताते हुए नित्य दिवस योग करने की सलाह दी और कहा कि शारीरिक विकार को दूर करने एवं निरोग जीवन के लिए योग आवश्यक है। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापकगण, महाविद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक व छात्र-छात्राओं ने योगासन किया। इसी प्रकार आयुष योगा वेलनेस सेंटर कांकेर में पांच दिवसीय योग शिविर का आज समापन हुआ। समापन कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं नागरिकगण शामिल थे। योग प्रशिक्षण डॉ. पुष्पा ध्रुव के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराया गया।

# विद्युत विभाग व्यवस्था सुधारे अन्यथा कांग्रेस सड़क पर उतरकर करेगी घेराव व आंदोलन : गणेश दुर्गा

### बिजली गुल समस्या को लेकर युवा कांग्रेसियों ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**दंतेवाड़ा, 23 जून।** बिजली विभाग के सुस्त कार्यप्रणाली को सुधारने आज युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष गणेश दुर्गा ने कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पांच बिंदुओं के इस ज्ञापन में युवा कांग्रेस ने बिजली विभाग पर जमकर आरोप लगाया है। जानकरी देते हुए गणेश दुर्गा ने बताया कि विभाग द्वारा जिले के सभी प्रमुख लाईनों में बारिश से पूर्व ट्री कटिंग का कार्य विभाग ने नहीं किया है, जिससे आने वाले दिनों में काफी परेशानी होगी।

दंतेवाड़ा, कटेकल्याण, गीदम, कुआकोंडा में लगे ट्रांसफार्मरों का मेंटेनेंस समय पर नहीं किया जाता, जिससे बारिश के दिनों में नुकसान ज्यादा होती है। गणेश ने आगे बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में जेई की पदस्थापना नहीं हुई है, जिससे समय पर विभाग का कार्य नहीं हो पाता और आम नागरिक भटकते रहते हैं। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाया है कि घरों में बिजली ठीक करने के नाम पर विभाग द्वारा अवैध वसूली की जाती है। जिस घर में उन्हें पैसा दिया जाता है वही विभाग के लोग तत्काल काम निपटाते हैं बाकी घरों को ध्यान नहीं देते। वहीं गणेश ने बताया कि आपात स्थिति व बिजली गुल होने की सूचना देने विभाग के शिकायत नम्बर पर फोन करने से फोन नहीं लगता कभी-कभी तो कर्मचारियों द्वारा फोन भी नहीं उठाया जाता। सहर के साथ साथ गांव में भी प्रतिदिन 4 से 5 बार बिजली गुल होती है। अघोषित बिजली कटौती से हर कोई परेशान है। दंतेवाड़ा की पहचान बिजली कटौती की बनती जा रही है जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगा।

जिलाध्यक्ष गणेश व युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग को चेताया है की समय रहते बिजली व्यवस्था ठीक नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस द्वारा विद्युत विभाग का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राकेश मंडावी, नगर अध्यक्ष गायन सिंह, भोलू यादव, उमेश राणा, त्रिशांक ठाकुर, लच्छु मंडावी समेत अन्य मौजूद थे।

### जिला न्यायालय परिसर में मनाया गया योग दिवस

**दंतेवाड़ा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की उपस्थिति में जिला न्यायालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिला न्यायाधीश ने बताया कि योग केवल शरीर की कुछ मुद्राओं या आसन तक सिमित नहीं है बल्कि यह हमें स्वस्थ और संतुलित जीवन जीना सिखाता है, यह हमें अपनी सांसें, विचारों और भावनाओं को नियंत्रित करना सिखाता है, इससे हम सभी परिस्थितियों में शांत रहना और अपना ध्यान केंद्रित करना सीखते हैं। इस योग शिविर कार्यक्रम में अपर जिला न्यायाधीश संतोष तिवारी, दीपक कुमार देशलेहरे, शांतनु देशलहरे, शैलेश शर्मा, न्यायिक मजिस्ट्रेट शांति प्रभु जैन, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष के.के.देवांगन सहित अन्य अधिवक्ता एवं कर्मचारी संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र ठाकुर अन्य न्यायिक कर्मचारीगण भी उपस्थित थे।

### कलेक्टर ने किसानों एवं विभिन्न कृषक संगठनों से चर्चा कर खेती किसानी कार्य में हो रही समस्याओं के बारे में ली जानकारी

# कलेक्टर ने की कृषि विभाग के कामकाज की समीक्षा

**■ किसान कल्याण समिति के माध्यम से किसान रखेंगे अपनी बात, जिला स्तरीय कृषि हेल्प लाइन नम्बर 9109917787 किया जारी**

बलौदाबाजार, 21 जून 2024/कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में जिले भर से आये किसानों एवं विभिन्न कृषक संगठनों से चर्चा कर खेती किसानी के कार्य में हो रही समस्याओं के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल की। इस दौरान कलेक्टर ने किसानों की बात आसानी से प्रशासन तक पहुंचे इसके लिए किसान कल्याण समिति बनाने की निर्देश दिए है। किसान कल्याण समिति का विस्तार न केवल जिला स्तर तक बल्कि विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर तक किया जायेगा। इसके साथ ही किसानों को खाद, बीज, रासायनिक दवाईयों की अनुपलब्धता एवं कृषि विभाग संबंधित योजनाओं के बारे में जानकारी हेतु जिला स्तरीय कृषि हेल्प लाईन नम्बर 9109917787 जारी किया गया है। जिले के कोई भी किसान इस नम्बर पर फोन कर शिकायत एवं सहायता प्राप्त कर सकते है। इस दौरान किसानों ने कलेक्टर सोनी को कसडोल के सहकारी समिति में स्टॉफ की कमी, राखड़ में पाउडर एवं डीएपी के स्टॉक में कमी के बारे में जानकारी कलेक्टर को दी। जिस पर कलेक्टर ने शीघ्र ही कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है।



इस दौरान कलेक्टर सोनी जिले के सभी किसानों को बताया कि पलारी विकासखण्ड अंतर्गत छेरकापुर में नवीन बीज प्रक्रिया केन्द्र प्रारंभ हो गई है। जहां पर बीज की ग्रेडिंग सहित पेकिंग कर सहकारी समितियों के माध्यम से अगले वर्ष से किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध करायी जायेगी। इससे जिले की रायपुर पर निर्भरता समाप्त हो जायेगी। बैठक के दौरान कलेक्टर सोनी किसानों से अपील करते हुए कहा कि गांव में किसी भी प्रकार संदिग्ध गतिविधियां या सौहार्द बिगाड़ने का कार्य करता है तो उसकी जानकारी अवश्य रूप से जिला कन्ट्रोल रूम 94791-90629 पर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते है।

इस दौरान कलेक्टर ने कृषि विभाग के कामकाज की विस्तृत समीक्षा की है जिसमें बीज के उपलब्धता, फसल चक्र, सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन, एक्सटेंशन रिफॉर्म, सबमिशन ऑन सीड, सीड एंड प्लॉटिंग मटेरियल अंतर्गत बीज ग्राम योजना, रेनफेड एरिया डेवलपमेंट योजना, स्वायल हेल्थ कार्ड योजना, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एकीकृत जल ग्रहण प्रबंधन, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा दलहन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजा सहित अन्य योजनाओं शामिल है। बैठक में विभिन्न किसान संगठनों के प्रतिनिधि, उप संचालक कृषि दीपक नायक, डीएमओ निधि शंशाक दुबे, उद्यानिकी सहायक संचालक आर आर वर्मा, सहकारी बैंक नोडल अधिकारी शर्मा सहित क्रेडा, बीज विकास निगम, कृषि एवं सहकारिता के विकासखण्ड स्तर अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप



**सुकमा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ सरकार में लोक निर्माण-पीएचई, विधि और नगरीय प्रशासन विभाग मंत्री अरुण साव से सुकमा नगरपालिका अध्यक्ष जगन्नाथ राजू साहू रायपुर कार्यालय में भेंट कर सुकमा नगरपालिका के विकास हेतु जरुरी विषयों पर सार्थक चर्चा की



**सुकमा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुकमा में नक्सल विरोधी अभियान के तहत बड़ा खुलासापहली बार नक्सलियों के पास से मिली नक़ली नोट छापने के उपकरण50,100,200,500 के मिले नकली नोट के सैम्पलसुकमा पुलिस ने किया बड़ा खुलासा फंड की कमी से जूझ रहे नक्सली कर रहे नकली नोट का इस्तेमाल कोराजगुड़ा के जंगलों से बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि



**तिल्दा-नेवरा, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी को 23 जून को उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। बीजेपी नेता अनिल अग्रवाल राम पंजवानी ने कहा कि देश की एकता को और अधिक मजबूत करने की दिशा में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ''अद्वितीय प्रयासों'' के लिए प्रत्येक भारतीय उनका ऋणी है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की प्रगति के लिए कड़ी मेहनत की और एक मजबूत तथा समृद्ध राष्ट्र का सपना देखा। हम उनके सपनों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने भारतीय राजनीति और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके द्वारा स्थापित भारतीय जनसंघ ने राष्ट्रवाद और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को मजबूत किया। उनके विचार और आदर्श आज भी हमें प्रेरित करत हैं। महामंत्री सौरभ जैन मनोज निषाद ने उनके आदर्शों पर चलते हुए। हम एक समृद्ध और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्पित हैं। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष ईश्वर यदु प्रेम बंजारे गणेश शर्मा आनंद शर्मा रिकु अग्रवाल रोशन शर्मा अलख साहू आशीष शर्मा शुभम पांडे सुरेश लखानी अमर जीत पासवान प्रियंक सोनी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ में सफेद ध्वजा लगाने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 10 जून को बलौदाबाजार में आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा आक्रोशित होकर पुलिस बल के साथ झूमाझपटी, पत्थर बाजी, मारपीट करते हुए संयुक्त कार्यालय परिसर एवं वहां खडी वाहनों में भी तोड़फोड़ करते हुए आग लगा दिया गया। इस बीच सुरक्षा व्यवस्था में लगे कई पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों को गंभीर चोटें आई है। इस पूरे घटनाक्रम में एक विशेष बात सामने आई थी, कि एक आरोपी द्वारा संयुक्त कार्यालय परिसर स्थित ध्वजखंभ के ऊपर चढ़कर, नारेबाजी करते हुए एवं चिल्लाते हुए सफेद ध्वजा लगा दिया गया था। धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले तथा इस दौरान गाली गलौज कर, तोड़फोड़ एवं पत्थर बाजी करते हुए, वाहन एवं संयुक्त कार्यालय में आगजनी करने वाले आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में विभिन्न धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया गया है, तथा इसमें शामिल आरोपियों एवं उपद्रवी तत्वों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की अलग-अलग टीमों का निर्माण कर संभावित स्थलों में लगातार दबिश दिया जा रहा है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की वीडियो, फोटो, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर सरगर्मी से पता तलाश जारी है। प्रकरण में जांच विवेचना कार्यवाही अभी जारी है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन करने वाले एवं धरना प्रदर्शन के दौरान उद्दंड उपद्रव करने वाले लोगों का चिन्हांन कर उनकी गिरफ्तारी को प्राथमिकता के आधार पर लिया गया है, जिसके तहत पुलिस की अलग-अलग टीम द्वारा आयोजकों के नाम, पते, फोटो आदि की पहचान कर उनके छिपने की हर संभावित ठिकाने पर लगातार दबिश जा रहा था।

### जिले को स्किल हब बनाने की तैयारी, जल्द ही प्रारंभ होगा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान

**बलौदाबाजार, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में तकनीकी शिक्षा विभाग से संबधित, आईटीआई, पॉलीटेक्निक, लाईवलीहुड, वीटीपी एवं स्किल ट्रेनिग प्रोवाइडर एजेसियों के कामकाज की समीक्षा की है। जिसमें वर्तमान में परंपरागत ट्रेड से हटकर आधुनिकता पर जोर देते हुए मार्केट के अनरूप लोगों कौशल प्रशिक्षण देने कहा गया है. इसके लिए एकीकृत विस्तृत कार्ययोजना बनाकर 7 दिन में प्रस्तुत करने के निर्देश संचालक कौशल विकास को दिए है। इसके साथ ही अब जिला मुख्यालय में एसबीआई को आरएसईटीआई रूरल सेल्फइंप्लॉयमेंट इंस्टीट्यूट अर्थात् ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जुलाई से प्रारंभ करने के दे निर्देश दिए है। जिसके माध्यम से प्रोजेक्ट उन्नति में भी तेजी आएंगी। कलेक्टर सोनी ने कहा की जिले के युवाओं को कौशल विकास से जोड़ते हुए उनकों शत प्रतिशत रोजगार मिले या अपना व्यवसाय प्रारंभ कर सके इस दृष्टि से कार्य करने की जरुरत है। बैठक में सोनी ने सभी आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड कॉलेजों के ट्रेड एवं क्षमता वार जानकारी हासिल की। इस दौरान जिले में स्थापित विभिन्न सीमेंट कंपनियों एवं अन्य प्लांट के द्वारा सीएसआर के माध्यम से संचालित कौशल उन्नयन के संबध में जानकारी दिए। इस दौरान न्यूवको सोनाडीह एवं एपीएल अपोलो के द्वारा प्रशिक्षण देकर शत प्रतिशत प्लेसमेंट की कलेक्टर ने खुले मन से प्रशंसा करते हुए सभी को इसी तरह कार्य करने का निर्देश दिए है। उक्त बैठक में जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, जिले के सभी आईटीआई, पॉलीटेक्निक एवं लाईवलीहुड प्राचार्यो सहित सभी सीमेंट प्लांट ट्रेनिग सेंटर संचालक, निजी वीटीपी सेंटर संचालक एवं प्रतिनिधि सहित कौशल विकास से अनिल प्रधान, रोजगार आधिकारी मनोरमा भगत, नायब तहसीलदार अक्षय तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

एक नजर

## छिरपानी मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प



**डोंगरगढ़ 23 जून।** छिरपानी मुक्तिधाम में सुविधा मुहैया कराने हेतु शहर के 35 जनों ने मुक्तिधाम समिति की सदस्यता ग्रहण किया है। प्राथमिक सदस्यता शुल्क 21 सौ रूपए है। मुक्तिधाम के नवनिर्माण के लिए सदस्यों ने दान देने की घोषणा किया है जिसमें महेन्द्र भाई पटेल ने 21 हजार, सुनील जैन 51 सौ, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल 51 सौ, प्रकाश चौरडिया 51सौ, वीरेंद्र अग्रवाल 51 सौ, राजू अरोड़ा भैया 11 हजार, मधुसूदन अग्रवाल 51 सौ, मनोज गुप्ता 31 सौ, गोपाल खेमुका 11 हजार, सुरेंद्र सिंह बन्नोआना ने चार चेयर, परविंदर सिंह मोंटी द्वारा 5 ट्री गार्ड, पप्पू भाटिया ने आरो वॉटर मशीन देने की घोषणा की। समिति के सदस्यों ने बताया कि शवदहन के लिए लोहे का स्ट्रक्चर तैयार करना, गार्डन बनाना तथा शैड में बैठक व्यवस्था करने का निर्णय लिया है। शहर के प्राचीन छिरपानी मुक्तिधाम में व्याप्तज अव्यवस्था एवं दाह संस्कार के बाद अस्थियों के गायब होने जैसी घटनाओं को देखते हुए मुक्तिधाम समिति का विस्तार करने, सफाई एवं अतिक्रमण आदि विषय को लेकर बैठक आयोजित की गई। स्थानीय मारवाड़ी धर्मषाला में आयोजित बैठक में नए सिरे समिति का गठन एवं विस्तार किया गया। इस दौरान सामाजिक एवं धार्मिक लोगों हजारों रूपए देने घोषणा की।

## पटवारी सुलोचना साव निलंबित, एसडीएम रायगढ़ ने जारी किया आदेश

**रायगढ़, 23 जून।** शासकीय कार्य में भूमि स्वामी से अवैधानिक रूप से राशि मांग किए जाने के मामला संज्ञान में आने पर रायगढ़ तहसील के हल्का नंबर 37, गोपालपुर की पटवारी श्रीमती सुलोचना साव को एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी ने निलंबित कर दिया है। जारी निलंबन आदेश के अनुसार श्रीमती सुलोचना साव, पटवारी हल्का गोपालपुर, के द्वारा शासकीय कार्य हेतु भूमिस्वामी से अवैधानिक रूप से राशि की मांग करने के संबंध में सोशल मीडिया में समाचार प्रसारित होने की सूचना प्राप्त हुई है। इनका उक्त कृत्य प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के विपरीत है। अतएव उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम (9) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर तहसील कार्यालय रायगढ़ (कानूनगो शाखा) में संबद्ध किया गया है।

# अवैध चराई के लिए घूस रहे गुजराती भेड़-बकरी व चरवाहे को खदेड़ा

## छोटे छोटे हरे भरे पौधे बढ़ने से पहले भेड़, बकरी, उट का आहार बनकर नष्ट हो जाते हैं

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम/पाण्डुका 23 जून।** 19 जून को डीएफओ कार्यालय में हुए शिकायत का असर इन दिनों पांडुका परिक्षेत्र में देखने को मिला डीएफओ कार्यालय में गुजराती राजस्थानी चरवाहों को गरियाबंद जिले में चराई को लेकर प्रतिबंध लगाने हेतु आवेदन दिया गया था उसी के तहत यह कार्यवाही दिखा पाण्डुका परिक्षेत्र के सांकरा बीट में शनिवार के दिन गुजराती भेड़ बकरी चराने वाले हजारों की संख्या में वन क्षेत्र में चराई करा रहे थे ।मौके पर पहुंचे हमारे संवाददाता ने परिक्षेत्र अधिकारी पांडुका संतोष चौहान एवं बिटगार्ड सांकरा लोकेश श्रीवास को यह जानकारी दी जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौके पर पहुंचे वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों ने उन्हें मैदानी इलाके में खदेड़ा और जंगल क्षेत्र में ना आने के हिदायत दी साथ ही दूसरी बार आने पर चालान काटे जाने की बात कही।बता दे की इन दिनों भारी संख्या में गुजराती और राजस्थानी भेड़ बकरी चराने वाले अपने



लाखों की संख्या में भेड़ बकरी लेकर मैदानी इलाके में रुके हुए रुके हुए हैं जो जंगल में घुसने की तैयारी कर रहे हैं इसको लेकर प्रमुखता से तरूण छत्तीसगढ़ दैनिक समाचार पत्र में खबर प्रकाशित किया गया था और इसका असर होते दिखा जानकारों की माने तो इनके आने से पालतू पशुओं में चारे की और जंगलों में छोटे-छोटे पौधे नष्ट हो जाते हैं। साथ ही साथ संक्रामक बीमारियों का भी खतरा बढ़ जाता है इसको लेकर अगर कुछ सालों तक लगातार वन विभाग कार्रवाई करते रहे तो स्थानीय किसानो को लाभ मिलेगा साथ जंगल भी सुरक्षित हो जाएगा यह लोग लाखों की संख्या में अपने मवेशी लेकर आते है! बिना अनुमति के अवैध चराई कराते हैं। बहर हाल रात में या फिर तड़के सवेरे ये लोग जंगल में घुस जाएंगे ।इनके डेरा का बकरी चारा रहे लोगो से पूछने पर बताया कि बिसराम डेरा के लोग है जो अभी लोहरसिंग और कुंडेल गांव के आसपास रुके हुए थे जो सवेरे सवेरे फिर वन परिक्षेत्र फिगेंश्वर और छुरा के जंगलों में घुसने की कोशिश करते नजर आ रहे थे हैं और इनके बाकी साथियों का डेरा पीछे पीछे आ रहे हैं जो गरियाबंद जिले के फिगेंश्वर के वन क्षेत्र से लेकर मैनपुर वन परिक्षेत्र में छः महीने जंगलों की चराई के साथ वनो की विनाश करते हैं जो छोटे छोटे पौधा बढ़ने से पहले भेड़, बकरी, उट का आहार बनकर नष्ट हो जाते हैं जिससे जंगलों में वृक्षों की विकास अवरूद्ध हो रहे हैं लगातार घने जंगलों में जाकर देखे जा सकते हैं जहां पहले घने जंगल थे आज नर्सरी का रुप ले लिए हैं कहीं न कहीं यह विभाग की ही मेहरबानी ही है जो चराई और कटाई पे अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं।

खबर का असर



जिले के जंगलों से अवैध चराई रोकने वन मंडला अधिकारी कार्यालय को दिया गया आवेदन

# बारिश के पहले किया जा रहा अवैध रेत भण्डारण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**पत्थलगांव 23 जून।** मांड नदी के सीने से निकलने वाली रेत का परिवहन धडल्ले से जारी है,रेत माफिया बारिश से पहले ही अनेक जगहो पर रेत का डंपिग यार्ड बना लिये है,जहा से सफेद रेत मे काली कमायी का खेल जोरो से चल रहा है। यहा की मांड नदी किलकिला के अलावा अनेक गांव के बीच से गुजरी है,जिसमे से रेत का अवैध परिवहन सात दशक से बदस्तुर जारी है,अब रेत का अवैध कारोबार और अधिक बढ गया है। मांड नदी के मुहाने पर अनेक जगह रेत निकालने के रैंप बना दिये गये है,जिसके कारण मांड नदी के अस्तित्व पर भी पूरा खतरा मंडराने लगा है। शहर मे इन दिनो एक ट्राली रेत की कीमत लगभग 1500 रूपये हो गयी है,सुखे के दिनो मे यह रेत एक हजार रूपये तक मिल जाती है,जरा से बादल बरसे नही की रेत माफियाओ ने रेत की कीमत मे डेढ गुना ईजाफा कर दिया। मंगरेलगढ को मांड नदी का उदगम स्थल कहा जाता है,यहा से निकलकर प्रतापगढ,सुरेशपुर,बहनाटांगर होते हुये मांड नदी किलकिला ठाकुरपोढी,बालकपोढी के बाद रायगढ जिले की सरहदो मे प्रवेश कर जाती है। अधिकांश इन जगहो पर रेत माफिया रैंप बनाने के साथ-साथ अब डंपिग यार्ड भी बना लिये है,जहा सैकडो टैक्टर अवैध रेत जमा कर रखी गयी है,जिसे रेत माफिया बरसात के दिनो मे मुंह मांगी कीमत पर बेचेंगे। यहा के किलकिला के अलावा नारायणपुर,ठाकुरपोढी,बालकपोढी मे अवैध रेत के डंपिग यार्ड देखे जा सकते है,इन सभी यार्डो से रेत दो गुना कीमत देकर जरूरतमंद को उपलब्ध होगी।।



अवैध कारोबार पर प्रशासन की नही है लगाम-:बारिश के दिन नजदीक आते ही रेत माफियाओ ने रेत की कीमत मे डेढ गुना वृद्धि कर दी। रेत के इस अवैध कारोबार पर प्रशासन की कोई लगाम नही है। शासन-प्रशासन स्तर पर मांड नदी से रेत निकालने पर राजस्व रायल्टी का प्रावधान ना रखने के कारण रेत माफिया जीवनदायनीय नदियों से मुफ्त की रेत निकालकर मुंह मांगी कीमत पर बेच रहे है। संबंधित स्थानीय प्रशासन की चुप्पी के साथ-साथ जिला प्रशासन भी रेत के इस अवैध कारोबार से अनभिज्ञ बना हुआ है। पिछले पांच दशक से रेत के अवैध कारोबार पर सरकारी लगाम ना लगने से यह धंधा अब रेत के जरूरतमंद लोगो के लिए मुसिबत बनते जा रहा है।।

**मशीनरी लगाकर किया जा रहा परिवहन-:**अवैध रेत का परिवहन करने वाले माफियाओ के हौंसले इतने बढे हुये है कि इन दिनो मांड नदी के अनेक तटो पर जे.सी.बी एवं पोकलेन मशीन लगाकर रेत इकटठा की जा रही है,जिसे नदी के बीच से निकालकर उसे डंपिग यार्ड मे लाकर रखा जा रहा है। इन यार्ड से बिकने वाली रेत के दामो मे इन दिनो डेढ गुना तक वृद्धि कर दी गयी है,जिसके कारण निजी सेक्टर के अलावा शासकीय विभाग के बनने वाले भवन के कामो मे भी रेत की कीमत का असर पड रहा है।।

**इस संबंध मे जब माईनिंग अधिकारी चिरंजीव दास व माईनिंग निरीक्षक आर.एल राजपूत से बात करनी चाही तो दोनो ने अपना फोन उठाना जरूरी नही समझा।**

समाचार संक्षेप

## श्री जगन्नाथ रथोत्सव की तैयारी में जुटे उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के सदस्य



**रायगढ़ 23 जून।** महाप्रभु श्रीजगन्नाथ रथोत्सव प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मोतीमहल के सामने स्थित रायगढ के मुख्य ऐतिहासिक श्रीजगन्नाथ मंदिर में भगवान श्रीजगन्नाथ के रथोत्सव की तैयारियां श्रीजगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट एवं उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के द्वारा जोर & शोर से चल रही है। वहीं इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए देवेश षडंगी ने बताया कि इसके भव्य आयोजन के लिए समस्त रायगढ वासियों का बढ़ चढ़ कर सहयोग प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि 150 वर्षों से भी अधिक पुराने रियासत कालीन समय से रायगढ के इस भव्य रथोत्सव को इस वर्ष भी उसी भव्यता से मनाने श्रीजगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट एवं उत्कल सांस्कृतिक सेवा समिति के सेवक एवं कार्यकर्ता अक्षय तृतीया के दिन से ही दिन रात लगे हुए हैं, जिसमें प्रत्येक तिथियों में उड़ीसा के विभिन्न क्षेत्रों से आमंत्रित अलग-अलग कलाकारों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुति दी जायेगी। रथोत्सव के इस वर्ष केआयोजन में सर्वप्रथम आज 22 जून को भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र एवं देवी सुभद्रा का पवित्र स्नान का कार्यक्रम प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुआ। जिसमें 108 कुंभों के अभिमंत्रित पवित्र जल से 108 ब्राम्हणों द्वारा भगवान का स्नान कराया गया। इस अवसर पर उड़ीसा से आने वाले विशेष भजनकीर्तन मंडली का मनमोहक कार्यक्रम रहा। तत्पश्चात महाभोग सत्यव्रत पंडा द्वारा लगाया गया। तथा उत्कलिका द्वारा शीतल पेय वितरित किया गया एवं देवस्नान संध्या 7 बजे महाप्रभु के समक्ष परंपरानुसार ओडिसी नृत्य का भव्य कार्यक्रम की प्रस्तुति जिसमें गुरू देवेन्द्र नाथ बेहरा एवं उनकी शिष्या सौम्या पंडा ने नृत्यांजली की प्रस्तुति दी। व संध्या इस नृत्यांजली के पश्चात भगवान 15 दिनों के लिए अनसर या अस्वस्थता में रहेंगे अतऽइन दिनों में मंदिर के कपाट बंद रहेंगे। वहीं 15 दिनों के पश्चात अर्थात 6 जुलाई को भगवान के नेत्र खुलने पर मंदिर के कपाट खुलेंगे एवं इस दिन नेत्रोत्सव होगा जिसमें भगवान के नवयौवन रूप का दर्शन होगा। तत्पश्चात 7 जुलाई आषाढ शुक्लपक्ष द्वितीया को रथ यात्रा का शुभारंभ होगा। रायगढ की परंपरानुसार यहां के दो दिवसीय रथ यात्रा में 7 जुलाई को नीति अनुसार रायगढ राजपरिवार द्वारा पहंडी एवं छेरा पहरा का कार्यक्रम होगा एवं भगवान श्री जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा जी के साथ रथारुढ होंगे। इस दिन भगवान का रथ श्री समलेश्वरी मंदिर के सामनें के मैदान पर ही रहेगा जहां उड़ीसा से आये हुए भजन एवं नृत्य कलाकरों द्वारा मनोरंजक प्रस्तुति दी जायेगी एवं इसी दिन उत्कलिका मातृशक्ति द्वारा श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में विभिन्न उडिया व्यंजनों का आनन्द पाक मेला का आयोजन किया जायेगा।

## मोदीनगर में बनेगा सामुदायिक भवनः वित्त मंत्री ओपी चौधरी

**रायगढ़, 23 जून।** धोबी समाज के अधिवेशन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने कहा कि धोबी समाज अब उपेक्षित नहीं रहेगा और समाज का कोई भी काम नहीं रुकेगा। उन्होंने समाज की बेरोजगारी दूर करने के लिए अपने पैतृक व्यवसाय पर ध्यान देने और आधुनिकता की ओर बढ़कर ड्राई क्लीनर्स खोलने की बात कही। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने मोदीनगर में भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की और प्रथम चरण में 20 लाख रुपये स्वीकृत करने की बात कही। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने भवन के लिए भूमि आवंटन भी शीघ्र करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने समाज के होनहार बालक जो कौन बनेगा करोड़पति में भाग लिए थे उन्हें 25000 राजकीय पुरस्कार स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिलवाने की बात कही। इस अवसर पर सांसद श्री राधेश्याम राठिया, राज्य सभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने धोबी समाज को संपूर्ण भारतवर्ष में अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए लोकसभा में आवाज बुलंद करने की बात कही। सांसद ने समाज के भवन के लिए आवश्यक राशि सांसद निधि से स्वीकृत करने की घोषणा। कार्यक्रम में पदम श्री रामलाल बरेठ संहित सभी अतिथियों का परंपरागत रजक ताज धोबी पगड़ी से नवाज कर अभिनंदन किया गया। समाज के अध्यक्ष श्री सूरज निर्मलकर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समाज को पैतृक व्यवसाय अपनाने के लिए अपने ड्राईक्लीन का प्रशिक्षण देने की बात कही और इसमें समाज के युवाओं को आगे आने का आव्हान किया। अधिवेशन का संचालन श्री धर्मेंद्र बरेठ कर रहे थे, आभार प्रदर्शन समाज के रायगढ़ अध्यक्ष अवधेश कुमार सोन ने किया। उन्होंने समाज के प्रादेशिक पदाधिकारी के द्वारा रायगढ़ समाज के लिए ध्यान देने प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए आभार माना। इस अवसर पर पिछड़ा वर्ग नेता श्री बालक राम पटेल, नेताप्रतिपक्ष नगर निगम रायगढ़ श्रीमती पूनम सोलंकी, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष अवधेश कुमार बैठा, उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष श्री उमेश कुमार सेठ, दुर्ग जिला अध्यक्ष श्री गोपाल निर्मलकर, राजनांदगांव जिला अध्यक्ष श्री चैतराम निर्मलकर, श्री विष्णु निर्मलकर, युवा प्रदेश अध्यक्ष श्री रोशन निर्मलकर, जांजगीर जिला युवा अध्यक्ष श्री ललित बरेट, कोरबा संरक्षक कंगालू राम बरेठ, प्रवक्ता साहब राम बरेट, संजीत बरेट, सोनू बरेट, फलेश्वर बरेट, पार्षद चंद्रमणि बरेट, रायपुर जिला के पदाधिकारी मंसाराम निर्मलकर, हरिश्चंद्र निर्मलकर, भोजराम निर्मलकर, जिधन निर्मलकर, बिलासपुर जिला अध्यक्ष पवन निर्मलकर, युवा जिला अध्यक्ष प्रभात सोनक्षत्र, दिनेश चौधरी, श्रीमती लक्ष्मीन बरेट, सुरेश सोन, अमृतलाल बरेट, श्री भागबली निर्मलकर,श्री अग्नि निर्मलकर, श्री हरिराम निर्मलकर बलौदा बाजार आदि अनेक पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरूष उपस्थित रहे।



# गोंड समाज वीरांगना महारानी दुर्गावती बलिदान दिवस 24 जून को मनाएगा

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 23 जून।** गौरतलब है की गोंडवाना साम्राज्य 52 गढ़ 57 परगना 258 रियासत कालीन गढ़ा मंडला की महारानी दुर्गावती मरावी की 460 वी बलिदान दिवस का आयोजन अंचल के गोंडवाना आदिवासी समाज द्वारा मनाया जा रहा है । इस अवसर पर तहसील के विभिन्न ग्रामों में वीरांगना महारानी दुर्गावती मरावी को उनके शौर्य पराक्रम की वीर वीरगाथा को नमन करते हुए याद किये जाएंगे 24 जून,प्रातः 9.00 बजे गोंडवाना धर्म शाला छिरपानी डोंगरगढ़ स्थित महारानी दुर्गावती प्रांगन में तहसील अध्यक्ष संतोष पड़ोटी, उपाध्यक्ष नरोत्तम सिंह कुंजाम , संरक्षक तीजऊ मंडावी, सदाराम नेताम सहित समस्त मुड़ादार सगा समाज एवं भूमकाओं द्वारा सेवा अर्जी किया जाएगा । तत्पश्चात तहसील के सभी पदाधिकारियों द्वारा बाईक रैली निकाली जाएगी जो रानी दुर्गावती प्रांगण छिरपानी कार्यालय से प्रस्थान होकर ग्राम खुर्शीपार बिलहारी , माड़ीतराई फिर मक्कटोला पहुचेंगे इसी दिन कलकसा मुड़ाक्षेत्र के ग्राम माड़ीतराई में सगा समाज द्वारा बुढ़ादेव जयंती गोंडवाना गौरा कलश जात्रा का आयोजन भी रखा गया है ! इसी प्रकार केसली ( मोहारा ) मुड़ा परिक्षेत्र के खुर्सीपार बिलहारी में भी इसी दिवस महारानी दुर्गावती का बलिदान दिवस का आयोजन किया जा रहा है। तहसील डोंगरगढ़ के मुड़ाक्षेत्र मड़ियान के आश्रित ग्राम मक्काटोला बूढ़ादेव प्रांगन में समुदायिक भवन लोकार्पण एवं वीरांगना महारानी दुर्गावती प्रतिमा का अनावरण,युवक युवती परिचय सम्मेलन,सामाजिक संगोष्टी कार्यक्रम आयोजित की जायेगी । कार्यक्रम की अतिथि होंगे...दलेश्वर साहू विधायक डोंगरगांव हेमलाल मरकाम जी,सदस्य जि.पं.कांकेर मदन नेताम(अध्यक्ष महासभा ओड़ारबांध) भावेश सिंह(अध्यक्ष ज.पं.डोंगरगढ़)संतोष मरावी (प्रदेश अध्यक्ष त्रस छ.ग.)संतोष पड़ोटी(अध्यक्ष तहसील डोंगरगढ़)प्रभा रमेश साहू(सदस्य जि.पं.राज.)पुष्पलता घनश्याम वैष्णव (सदस्य ज.पं.डोंगरगढ़)जयंती ठाकुर (ग्राम पटेल मक्काटोला)हेमलाल वर्मा (प्रधान ग्रा.पं.मक्काटोला)चित्ररेखा मंडावी सरपंच ग्रा.पं.रामाटोला रमेश उइके संचालक महासभा ओड़ारबांध लादूराम तुमरेकी महामंत्री महासभा मयाराम मंडलोई कोषाध्यक्ष महासभा नरेन्द्र ओटी पुर्व अध्यक्ष माड़ियांन नरोत्तम कुंजाम उपाध्यक्ष तहसील डोंगरगढ़ प्रमिला उइके अध्यक्ष महिला प्रभाग महासभा सुरेश उइके अध्यक्ष युवा प्रभाग महासभा राजेश नेताम अध्यक्ष तडृष्ट ब्लाक डोंगरगढ़ राजेश पड़ोटी अध्यक्ष तडृष्ट ब्लाक छुरिया मोहन कंवर अध्यक्ष त्रस ब्लाक छुरिया मनीष छेदैहा अध्यक्ष त्रस ब्लाक डोंगरगढ़ माड़ियान क्षेत्र के मुड़ादार अध्यक्ष मदन खुरश्याम व अन्य अतिथि शामिल होंगे ! प्रातः 11.00 बजे से कलश यात्रा रिलो मांदर नृत्य के साथ बुढ़ादेव प्रांगन में भुमका मदन उइके, रमेश मंडावी के द्वारा सेवा अर्जी पश्चात युवक युवती परिचय सम्मेलन एवं सामाजिक संगोष्टी,उदबोधन अनवरत होगी



सामाजिक संगोष्टी कार्यक्रम के प्रवक्ता अतिथि सुशीला नेताम प्रोफेसर(गोंडी कल्चरल)मंगलाताई(गोंडवाना सांस्कृतिक)चेमसिंह मरकाम(गोंडवाना दर्शन विद) रुदन उइके (रेलवे)मोटिवेशनल शेरसिंह परतेती(शिक्षक) इजुकेन मोटिवेशनल मुकेश शोरी(एस.आई.)मोटिवेशनल संतोष मंडावी(प्राचार्य)मोटिवेशनल राकेश कोर्राम(शिक्षक)मोटिवेशनल द्वारा उद्बोधन होगा !

# थैलेसीमिया बीमारी के संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 23 जून।** सीएमएचओ डॉ.बी.के.चंद्रवंशी ने थैलेसीमिया बीमारी से बचाव एवं उसके लक्षण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि थैलेसीमिया से निपटने के लिये समय पर इसका पता लगाना और रोकथाम सबसे प्रभावी रणनीति है। अभी भी बहुत से लोग इस बीमारी और इससे बचाव के तरीको से अनजान है यह जरूरी है कि इस क्षेत्र के सभी निवेशक थैलेसीमिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए कोल इंडिया लिमिटेड ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में इन रोगो से प्रभावित बच्चों के उपचार में सहायता की एक अनूठी सीएसआर पहल शुरू की है। नोडल अधिकारी डॉ. नेहा. गोयल एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री रंजना पैंकरा ने बताया कि थैलेसीमिया यह एक वंशानुगत रक्त विकार है जिसके कारण आपके शरीर में सामान्य से कम हिमोग्लोबिन होता है। हिमोग्लोबिन लाल रक्त कोशिकाओं को ऑक्सीजन ले जाने में सक्षम बनाता है जिससे थैलेसीमिया भी एनीमिया का कारण बन सकता है जिससे आपको थकान हो सकती है। इसमें थकान, कमजोरी, पीलापन और धीमी रफ्तार से विकास, पूरे शरीर में कमजोरी, खून की कमी जैसे लक्षण होते है यह एक दुलर्भ और दुस्साध्य रोग है जिसमें रोगी का जीवन बचाने के लिये आजीवन बारम्बार रक्त की आवश्यकता पड़ती है और अन्य महंगे चिकित्सीय उपाय करने पड़ते है इसी पर अनुमानित भारत में 10,000 से भी अधिक थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चे जन्म लेते है इसी प्रकार हर वर्ष 9400 लोगो में एप्लास्टिक एनीमिया की पुष्टि होती है ये रोग स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं पर बड़ा बोझ डालने के साथ-साथ प्रभावित परिवारों पर विशेष रूप से ग्रामीण और निर्धन पृष्ठभूमि वाले वाले परिवार पर भावनात्मक मनोवैज्ञानिक और आर्थिक बोझ डालते है। इन रोगों का स्थायी इलाज है हिमेटोपॉइटिक स्टेम सेल ट्रांसप्लांटेशन जिसे बोनमैरो ट्रांसप्लांट बीएमटी)भी कहते है। साथ ही यदि बीएमटी छोटी आयु में किया जाये तो उपचार अधिक सफल होता है। बाल सेवा योजना नामक परियोजना हेतु तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये थैलेसीमिक्स इंडिया को नामित किया गया है। सी आई एल सार्वजनिक क्षेत्र की पहली कंपनी है जिसने थैलेसीमिया के स्थायी इलाज के लिए 2017 में एक सीएसआर परियोजना शुरू की थी। देश भर में फैले ग्यारह प्रमुख अस्पतालों में बोन मैरो ट्रांसप्लांट के लिए पात्र रोगियो को 10 लाख तक की वित्तीय सहायता दी जाती है वर्ष 2021 से इस योजना को विस्तार देकर एप्लास्टिक एनीमिया को भी इसमें शमिल कर लिया गया है।

## जिला कम्युनिटी रिसोर्स ग्रुप की बैठक संपन्न



**रायगढ़, 23 जून।** अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नीलाराम पटेल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रायगढ़ के मार्गदर्शन में जिला कम्युनिटी रिसोर्स ग्रुप की बैठक जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में किसी भी एड्स पीड़ित व्यक्ति से भेदभाव नहीं करने एवं कार्यक्रम के सुचारू संचालन के संबंध में तथा एड्स बीमारी की लक्षण एवं रोकथाम की उपाय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला स्तर में उपलब्ध मानव संसाधन की आपूर्ति करने हेतु राज्य कार्यालय को पत्र लिखने हेतु निर्णय लिया गया। उक्त बैठक में नाको के गाइडलाइन का जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूरे आबादी की 95 प्रतिशत जनरल पापुलेशन का स्क्रीनिंग कर उसमें से 95 प्रतिशत की जांच सुनिश्चित करने एवं उसमें से पाए गए पॉजिटिव को 95 प्रतिशत लिंक आईआरसीटी करने हेतु बताया गया। उक्त बैठक में जिला एड्स नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर जे.के.चौधरी, सुश्री रंजन पैंकरा, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, श्री सुरेश कुमार गुप्ता, जिला कार्यक्रम समन्वयक, श्री अभिषेक मिश्रा एसएसए, श्री गोपाल कृष्ण साहू सांख्यिकी सहायक, मेडिकल कॉलेज के आईसीटीसी काउंसलर, जिला चिकित्सालय के आईसीटीसी काउंसलर, आईसीटीसी लैब टेक्नीशियन एवं एनजीओ के प्रोजेक्ट मैनेजर एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

# बच्चों को खेल एवं शिक्षण सामग्री का वितरण

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर23 जून।** जिला बीजापुर के गंगलूर पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पालनार, तकनीकी प्रगति और आधुनिक जीवन शैली व प्रवृत्तियों से दूर रहने वाले, आदिवासी संस्कृति और विरासत से समृद्ध गोंड लोगों की मुरिया उप-जनजाति का घर है। पालनार बीजापुर के कई अति नक्सल प्रभावित गांवों में से एक है, जो पिछले दो दशकों से डर और हिंसा के साये में है ।

दिसंबर 2023 में, पालनार में नवीन कैंप के स्थापना के बाद क्षेत्र में चौड़ी सड़क, मोबाइल टावर और बिजली आपूर्ति के द्वार खुल गए । कैंप पालनार में फिलहाल एफ/202 कोबरा और सीआरपीएफ की ए/222 समवाय तैनात हैं, जिसे समय-समय पर माओवादी विरोधी अभियानों के संचालन के लिए फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस के रूप में प्रयोग किया जा रहा है । इसका उद्देश्य क्षेत्र को नक्सलवाद के प्रभाव से पूरी तरह मुक्त करना, स्थानीय लोगों के बीच सरकार और प्रशासन के प्रति विश्वास पैदा करना, समाज के भटके युवाओं को मुख्यधारा में लाना और क्षेत्र में विकास और जीवन जीने के बेहतर अवसरों के लिए द्वार खोलना है । क्षेत्र में शिक्षा का स्तर काफी कम है, जिसका सीधा कारण शिक्षा और विकास की राह में माओवादियों का बाधा बनकर खड़े होना है । अशिक्षा के इस अंधकार को दूर करने के लिए एफ/202 कोबरा ने क्षेत्र के बच्चों को बुनियादी शिक्षा प्रदान करने के विचार की कल्पना की । कैंप में ही एक कक्षा चलाने का निर्णय लिया गया और कंपनी द्वारा निजी स्तर पर इसका प्रचार-प्रसार किया गया । साथ ही, स्थानीय बच्चों को कक्षा में भेजने के लिए सरपंच और गाँव के अन्य प्रमुख और शिक्षित



व्यक्तियों से संपर्क किया गया । रोजना क्षेत्र के छोटे-छोटे बच्चों को कैम्प में चलाये जा रहे इस आकर्षक शिक्षण के तरीके एवं मनोरंज खेलकूद के लिए बच्चे कैम्प पहुचते है कुछ बच्चे तो पैदल ही 4-5 किलोमीटर की दूरी भी तय कर लेते हैं । 4 घंटे की खुली कक्षा में बच्चों के सीखने के लिए बहुत कुछ है। शिक्षण के आधुनिक विधियों में छात्र-केंद्रित शिक्षण, गतिविधि-आधारित शिक्षण, और समावेशी शिक्षण शामिल हैं। साथ ही, बेहतर और चिरकाल अधिगम के लिए श्रव्य-दृश्य साधन का भी प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा रहा है। बच्चे न केवल कक्षा में सीखते हैं, बल्कि वे कई मनोरंजक गतिविधियों और मजेदार खेलों में भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हैं, जिससे कक्षा का माहौल खुशनुमा रहता है। इससे उन्हें अपने कौशल को निखारने और अपने शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद मिलती है । साथ ही शिक्षण में जुड़े जवानों के संलग्न होने से इन सुदुर क्षेत्र के बच्चों की बड़े मंच पर बातचीत करने की झिझक भी दूर हो रही है। इसके अलावा, इन कोबरा के जवानों द्वारा क्षेत्र के लोगों के लिए कई अन्य गतिविधियां भी चलाई जा रही हैं जैसे कि बेहतर नौकरी के अवसर खोजने में मदद करने के लिए क्षेत्र के कॉलेज जाने वाले छात्रों की कैरीयर काउंसलिंग, क्रिकेट के बल्ले और गेंद तथा वॉलीबॉल जैसे खेल के सामान का वितरण ।

# कबीर साहेब ने रूढ़िवाद और धर्म आडंबर के विरुद्ध की थी वैचारिक क्रांति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा, 23 जून।** सदगुरु कबीर साहेब का प्रभाव पूरे भारतवर्ष में था. उनके मानवतावादी विचार लोगों को प्रभावित कर रहे थे उन्होंने अंधविश्वास,मूर्ति पूजा,रूढ़िवाद और धर्म आडंबर के विरुद्ध वैचारिक क्रांति कर दी थी. उनके विचारों को,वाणी को आज संविधान में ढूंढने की आवश्यकता है.

उपरोक्त बातें भारतीय मूल निवासी समाज के तत्वावधान में ग्राम करेगा में आयोजित सदगुरु कबीर जयंती समारोह के अवसर पर मुख्य प्रवक्ता एवं संयोजक पंडित शंकर दादा ने कहीं. उन्होंने कहा कि भारत का संविधान ही हमारे पुरखों का वसीयतनामा है,जिसमें मूल निवासी समाज का हक अधिकार संरक्षित है.

जयंती समारोह में सर्वप्रथम कबीर दास जी के चित्र पर माल्यार्पण कर चौका आरती गाई गई. तत्पश्चात डॉक्टर देवचरण साहू और ग्राम करगा के ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया. इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार द्वय बसंत ध्रुव कुरूद और भुनेश्वर साहू अंव री का संविधान की प्रस्तावना भेंट कर सम्मानित किए गए. श्री साहू की अनुपस्थिति पर उनके सुपुत्र थानेश्वर साहू ने यह सम्मान प्राप्त किया. उपस्थित लोगों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से पठन कर संविधान के संरक्षण और सामाजिक परिवर्तन का संकल्प लिया. समारोह के अतिथि और वक्ता टिकेंद्र बघेल ने कहा कि आज हमें देश,समाज और धरती के दुश्मनों को पहचानने की जरूरत है. किसने मूल निवासी समाज को हजारों टुकड़ों में बांटा है.हमारी दुर्दशा का कारण क्या है. कबीर दास जी के विचारों को किस तरह रोका गया. आज इस पर हमें विचार करने की जरूरत है.

जयंती समारोह को दिनेश्वर बंजारे,भूपेंद्र साहू, गजेंद्र टंडन, पार्वती साहू, ममता टंडन, उत्तम ढीढ़ी ने भी संबोधित किया. समारोह को सफल बनाने में सामाजिक कार्यकर्ता रूपेंद्र बघेल और डॉ रमेश भतपहरी का योगदान सराहनीय रहा. इस अवसर पर प्रमुख रूप से सेवक साहू, मालती साहू,मूलचंद साहू, कांति साहू,निर्मला साहू, फानी साहू,विष्णु साहू, शेखर साहू, हीमंत साहू सहित अनेक लोग उपस्थित थे. समारोह का संचालन एवं आभार प्रकट भारतीय मूल निवासी समाज के संयोजक सदस्य डॉक्टर देवचरण साहू ने किया.

## समाचार संक्षेप

### पत्नी की हत्या के आरोप में पति गिरफ्तार



**तिल्दा-नेवरा, 22 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 21 जून को जरिये मोबाईल सूचना मिला कि ग्राम तिल्दा (डोंगरा) में एक महिला की हत्या हो गई है। सूचना मिलने पर थाना लवन पुलिस का बल तत्काल घटनास्थल ग्राम तिल्दा (डोंगरा) के लिए रवाना हुआ। घटनास्थल पहुंचते ही मृतिका खिलेश्वरी पति खिलावन उम्र 36 साल सा0 तिल्दा (डोंगरा) शव घटनास्थल पर पड़ा हुआ मिला। आसपास मौजूद लोगों एवं ग्रामवासियों से पूछताछ पर पता चला कि परिवारिक झगडा विवाद पर से आज दिनांक 21.06.2024 को सुबह करीबन 07.00 बजे आरोपी पति खिलावन उर्फराजू के द्वारा टंगिया से मारकर अपनी पत्नी खिलेश्वरी की हत्या कर दी गई है। की प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी के विरुद्ध थाना लवन में अपराध क्र. 265/2024 धारा 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया तथा आरोपी पति खिलावन उर्फराजू उम्र 36 साल सा0 तिल्दा (डोंगरा) थाना लवन को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा पारिवारिक विवाद पर से लोहे की टंगिया से वार कर अपनी पत्नी की हत्या करना स्वीकार किया गया। आरोपी से घटना में प्रयुक्त टंगिया जप्त करते हुए, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### विश्व सिकलसेल दिवस पर जन प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने बीमारी से बचाव के उपायों की दी जानकारी



**बालोद, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विश्व सिकलसेल दिवस पर जिला मुख्यालय बालोद के टाउन हॉल में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में उपस्थित जिले के गणमान्य जन प्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के अलावा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने सिकलसेल को अनुवांशिक बीमारी बताते हुए इसके बचाव के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ जनप्रतिनिधि पवन साहू एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव सहित कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सूरजनराम भगत, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, एसडीएम शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सूर्यवंशी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास मेनका चन्द्राकर एवं अन्य जन प्रतिनिधियों के अलावा वरिष्ठ अधिकारियों एवं चिकित्सकगण उपस्थित थे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, मितानिनों के अलावा आदिम जाति कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पवन साहू ने सिकलसेल बीमारी के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने इस बीमारी को एक अनुवांशिक बीमारी बताते हुए इसके रोकथाम के उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस गंभीर बीमारी से बचाव हेतु सावधानी ही एक मात्र उपाय है। इसलिए इसकी रोकथाम हेतु विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। साहू ने कहा कि हम सभी को विवाह के लिए रिश्ता तय करते समय कुण्डली मिलान की भाँति सिकलसेल की भी अनिवार्य रूप से जाँच कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बीमारी की रोकथाम की पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने हेतु व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। साहू ने सिकलसेल बीमारी की रोकथाम के समुचित उपाय सुनिश्चित करने हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्य की भी सराहना की। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव ने कहा कि भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा सिकलसेल बीमारी की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने हेतु बहुत ही सवेंदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य किया जा रहा है। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि सिकलसेल एक गंभीर एवं लाईलाज बीमारी है। इसलिए इससे बचाव हेतु विशेष सावधानी रखने की आवश्यकता है। चन्द्रवाल ने कहा कि इसकी भयावह को देखते हुए केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा इस बीमारी की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत एक माह तक लगातार अभियान चलाकर आम लोगों को इसके बचाव के उपायों के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

## एक नजर

### 50 पाव देशी मसाला शराब के साथ कोचिया गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** थाना सुहेला पुलिस द्वारा शांति भंग करने वाले असमाजिक तत्वों, जुआ, शराब, सट्टा आदि अनैतिक कार्यों में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध धरपकड़ कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में 20 जून को मुखबिर सूचना पर थाना सुहेला से सहायक उप निरीक्षक माधो साहू, प्रधान आरक्षक राकेश ठाकुर, संजय सोनी एवं बालेश्वर भगत की टीम द्वारा रेड कार्यवाही कर अपने घर के सामने अवैध रूप से शराब बेचने वाले आरोपी कमलेश कुमार उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम हिरमी को पकड़ा गया। आरोपी से 50 पाव देसी मदिरा मसाला शराब, मात्रा 09.00 लीटर कीमती 5500 जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना सुहेला में अपराध क्र. 156/2024 धारा 34(2) आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है।

### चाय की चुस्की के संग कलेक्टर-एसपी ने व्यापारियों के साथ की चर्चा



**बलौदाबाजार, 23 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर दीपक सोनी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने आज बलौदाबाजार नगर का भ्रमण कर मौजूदा हालात का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गार्डन चौक, दशहरा मैदान अंबेडकर चौक सहित नवीन मंडी परिसर का अवलोकन कर वहा उपस्थित व्यापारियों से मुलाकात कर चर्चा की। दौरान व्यापारियों ने कलेक्टर एसपी को अपने बीच पाकर देखते ही चाय के लिए आमंत्रित किया। कलेक्टर दीपक सोनी एवं एसपी विजय अग्रवाल ने सहज आमंत्रण स्वीकार करते हुए अमृततुल्य में ही व्यापारियों के साथ बैठकर, चर्चा करते हुए चाय की चुस्की ली। इस दौरान व्यापारियों एवं शहर वासियों से शहर की हालत एवं मार्केट के संबध में जानकारी हासिल की। व्यापारियों ने बताया की शहर में अब किसी भी तरह की कोई दिक्कत नही है। दुकानें भी अच्छी चल रही है। आम लोग भी आसानी से दुकानें पहुंच रहे है। कलेक्टर सोनी ने कहा की यदि आस पास कोई बाहरी संदिग्ध व्यक्ति एवं समाज को तोड़ने वाली संदिग्ध गतिविधियां करने।की जानकारी मिलती है तो इसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवे. उन्होंने सभी दुकान वासियों से कंट्रोल रूम का फेन नंबर 9479190629 को नोट कराते हुए दूकानों के सामने डिस्प्ले करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने व्यापारियों का कहा किसी भी व्यापारियों को अब डरने की जरूरत नही है। पुलिस पुरी मुस्तैदी के साथ चाकचौबंध सुरक्षा में लगी हुई हैं। जो भी व्यक्ति कुछ अफवाह उड़ाते है तो उसकी जानकारी अनिवार्य रूप से पुलिस कंट्रोल रूम को देवें। साथ ही उन्होंने दुकानों के आगे पीछे एवं अंदर में अच्छी गुणवत्ता की सीसीटीवी लगाने का आग्रह किया है। इस मौके पर बलौदाबाजार एसडीएम अमित गुप्ता, तहसीलदार राजू पटेल, सीएमओ उपस्थित रहे।

### हजारों लोगों की उपस्थिति में अदाणी पॉवर लिमिटेड रायखेड़ा के विस्तार के लिए पर्यावरण संरक्षण मंडल की जनसुनवाई सम्पन्न

# 90 प्रतिशत लोगों ने पक्ष में दिया अपना समर्थन

- हजारों लोगों को नौकरी तथा इतने ही स्वरोजगार के अवसर की उम्मीद
- कंपनी ने जताई गांवों में सामाजिक सरोकारों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा-नेवरा, 23 जून।** पर्यावरण संरक्षण मण्डल द्वारा जिले के तिल्दा ब्लॉक में अदाणी पॉवर लिमिटेड के प्रस्तावित 1600 मेगावाट के विस्तार के लिए शनिवार को आयोजित जनसुनवाई शांति पूर्वक सम्पन्न हो गई। कलेक्टर रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के पर्यावरण स्वीकृति के आदेश के लिए जनसुनवाई 22 जून 2024 को प्रातः 11:00 बजे से ग्राम ताराशिव के शासकीय स्कूल के पास खेल मैदान में आयोजित की गई। जिसमें पीठासीन अधिकारी के रूप में रायपुर के अतिरिक्त कलेक्टर देवेन्द्र पटेल, एसडीएम प्रकाश टंडन तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल, रायपुर के क्षेत्रीय अधिकारी प्रकाश रबड़े मौजूद थे। परियोजना के बारे में जानकारी अदाणी पॉवर लिमिटेड, रायखेड़ा के पर्यावरण विभाग प्रमुख आर एन शुक्ला ने दी। जनसुनवाई लगभग 1.30 घंटे तक चली। जिसमें तिल्दा तहसील के ग्राम रायखेड़ा, भाटपारा, चिचोली, गैतरा, ताराशिव, बहेसर, छतौद, खमरिया इत्यादि सहित 14 गांव के हजारों ग्रामीणों ने भाग लिया। इस दौरान सभा में ग्रामीणों द्वारा मुख्यरूप से क्षेत्र का विकास, नौकरी और स्वरोजगार के लिए उचित प्रबंध सहित कई बातों तथा सुझावों को पीठासीन ने बड़े ही ध्यानपूर्वक सुनकर कंपनी के अधिकारीयों की उपस्थिति में संबंधित मांगों पर विचार करने का भरोसा दिलाया। हालांकि जनसुनवाई में कुछ ग्रामीणों ने विरोध भी किया किन्तु समर्थन में ज्यादा लोगों ने अपनी बात रखी।

इस तरह लोक सुनवाई में पधारे 90 फीसदी लोगों ने अदाणी पॉवर लिमिटेड ने 800 मेगावाट की दो इकाई के विस्तारण हेतु का समर्थन किया। तिल्दा जनपद के पूर्व अध्यक्ष और रायखेड़ा गांव के दाऊ देवव्रत नायक, तिल्दा ब्लॉक के कुर्मी समाज के अध्यक्ष ठाकुर राम वर्मा, सरपंच रायखेड़ा श्रीमती सुकवती कुर्रे, दिलीप वर्मा, कमल बांधे जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय मजदूर कॉंग्रेस, सोमकांत निर्मलकर प्रदेश सचिव मजदूर कॉंग्रेस, गैतरा गांव के पूर्व सरपंच रूपेन्द्र कटारिया, चिचोली के पूर्व सरपंच राजकुमार ठाकुर, ताराशिव के सरपंच मनीष कुमार वर्मा, राजू शर्मा सभापति जिला पचायत, रायपुर, वेद राम मनहरे संयोजक भाजपा प्रदेश नशा मुक्ति अभियान एवं भाजपा तिल्दा ब्लॉक के सदस्य अनिल अग्रवाल सहित हजारों की संख्या में उपस्थित ग्रामीणों ने लोक जनसुनवाई में अपनी बात रखी। इन्होंने इसके विस्तारण से क्षेत्र में विकास के नए आयाम खुलने साथ ही हजारों लोगों को नई नौकरियां मिलने की संभावनाएं और स्वरोजगार के अवसर प्राप्त होने की उम्मीद जताते हुए अदाणी पॉवर लिमिटेड के विस्तारण के लिए अपनी सहमति प्रदान करने की बात कही।

ग्राम खमरिया की चमेली रजक ने जनसुनवाई के दौरान कहा कि, अदाणी पॉवर लिमिटेड के आने से हमारे गाँव में कई विकास के कार्य चल रहे हैं। खासकर शिक्षा के क्षेत्र में भी कई उल्लेखनीय कार्य किये जा रहे हैं। जिसमें सभी गांव इनकी सभी कार्यक्रमों से लाभान्वित हैं। इसलिए मैं अदाणी पॉवर लिमिटेड के संयंत्र विस्तारण का समर्थन करती हूँ।

सभा में सरपंच संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू, ताराशिव के सरपंच मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि, जब से अदाणी पॉवर लिमिटेड हमारे गांव में आया है तब से हमारे गांव की महिलाओं एवं युवाओं को नौकरी सहित स्वरोजगार से जोड़ा गया है। अदाणी फाउंडेशन की सामाजिक सहभागिता के कार्यो से सभी पास के ग्रामों में भी स्वास्थ्य, शिक्षा आजीविका के कार्ये से लोगों का समुचित विकास हो रहा है। इसलिए मैं हमारे गांव तथा क्षेत्र में अदाणी पॉवर लिमिटेड के विस्तारण का समर्थन करता हूँ।

उल्लेखनीय है कि अदाणी पॉवर लिमिटेड की रायपुर जिले के तिल्दा ब्लॉक में सुपर क्रिटिकल तकनीक की दो इकाइयां कुल 1370 मेगावाट की क्षमता पिछले आठ सालों से संचालित है। जिसके सामाजिक सराकारों के तहत आसपास के कुल 37000 से अधिक जनसंख्या वाले 14 से अधिक ग्रामों में अदाणी फाउंडेशन के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका उन्नयन और ढांचागत विकास के कई कार्यक्रमों का संचालन कर रहा है। जन सुनवाई के सफल होने पर उपस्थित लोगों ने खुशी जाहीर की।

जन सुनवाई के अंत में अदाणी पॉवर लिमिटेड के स्टेशन प्रमुख श्री श्रीकांत वैद्य ने जनसुनवाई में पधारे सभी ग्रामीणों को कंपनी के सामाजिक सरोकारों के माध्यम से हर तरफ विकासात्मक कार्य कराने की अपनी प्रतिबद्धता की बात कही तथा उपस्थित सभी ग्रामीणजनों, प्रशासनिक अधिकारियों, हितधारकों, तथा जनसुनवाई के आयोजन में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से भाग लेने वाले सभी लोगों को धन्यवाद ज्ञापित कर आभार जताया।

### जिले में मनाया गया विश्व सिकल सेल दिवस

# मरीजों की जांच कर वितरित किए गए कार्ड

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 23 जून।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर विश्व सिकल सेल दिवस 19 जून के अवसर पर आज जिले भर में सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यक्रम किया गया। इस बारे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एम पी महिस्वर ने बताया कि जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित जिला मुख्यालय पर इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को सिकल सेल रोग के संबंध में बताया गया। बलौदा बाज़ार में एक जागरूकता रथ द्वारा ऑडियो क्लिप आम जनता की जानकारी हेतु चलाई गई। इस अवसर पर सभी केंद्रों में सिकल सेल के बने हुए कार्डो का वितरण भी सम्बंधित मरीज को किया गया। जिले भर में लभगभ 3 .5 लाख हितग्राहियों के कार्ड बनाये गए हैं जो ग्रामों में वितरित किये जा रहे हैं। इस कार्ड में उनके सिकल सेल की स्थिति का विवरण है। स्थानीय सीएमएचओ कार्यालय में आदिम जाति सहायक आयुक्त, लोकेश पटेल, सी एम एच ओ डॉ महिस्वर, नोडल अधिकारी अभिजीत बैनर्जी और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा की उपस्थिति में यह कार्ड हितग्राहियों को वितरित किये गए। सिकल सेल के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार सिकल सेल रोग एक अनुवांशिक रोग होता है जिसमें शरीर की लाल रक्त कणिकाओं का आकार हँसिया जैसा हो जाता है तथा वह सख्त और कड़क हो जाती हैं। जबकि सामान्य लाल रक्त कणिकाएं गोल और नर्म होती हैं।

भूख न लगना, खून की कमी, थकान, हड्डियों में दर्द, बुखार बना रहना तिल्ली हाथ पैर में सूजन, त्वचा आंखों में पीलापन ये कुछ लक्षण हैं जो सिकल सेल के मरीजों में दिखाई पड़ते हैं। क्योंकि यह अनुवांशिक रोग है अतः इसका समय पर जांच करवा लेना ज्यादा सही होता है। गर्भवती महिलाएं, छोटे बच्चे यदि समय पर सिकल सेल की जांच करवा लें तो आगे इस बीमारी से होने वाली समस्या से बचाव किया जा सकता है। विवाह से पूर्व सिकल सेल की पहचान और भी जरूरी हो जाती है। यह जांच हर स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क की जाती है। संतुलित आहार, पानी का पर्याप्त सेवन, समय-समय पर अपने हीमोग्लोबिन स्तर की जांच, संक्रमण से बचाव, किसी प्रकार के नशे से दूरी यह कुछ तरीके हैं जो सिकल सेल के मरीज को रोग के दुष्प्रभाव से बचा सकते हैं। गौरतलब है की जिले में अब तक 3 लाख 52 हज़ार 2 सौ 8 लोगों की सिकल सेल जाँच की गई है जिसमें से 189 में रोग निश्चित हुआ है।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

ग्राम भरेंगा प.ह.नं. 08
रा.प्र.क्र.......................
/अ-74 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दूरपति बाई साहू पति श्री श्यामलाल साहू निवासी ग्राम भरेंगा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम भरेंगा प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. खोरपा उप तहसील खोरपा जिला रायपुर छ.ग. स्थित ख.नं. 1133/4 रकबा 0.39 हे0 भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदिका के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का नक्शा बटांकित नही है। आवेदक द्वारा उक्त भूमि का नक्शा बटांकन किये जाने बाबत् आवेदन इस न्यायालय में पेश किया गया है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 28/06/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं, नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 14/06/2024 को जारी किया गया।

मुहर

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील-खोरपा**



**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202406092200035**

विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2023-2024
डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- कमला गायकवाड,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कमला गायकवाड पति विठ्ठल गायकवाड जाति कुर्मी निवासी डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदिका के पति विठ्ठल गायकवाड आ. कमला गायकवाड का मृत्यु दिनांक 08.04.2021 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 10.07.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19/06/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**


### स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गति लाने 24 जून तक स्वच्छता सप्ताह का आयोजन

# जिपं सीईओ व जनपद अध्यक्ष ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बालोद, 23 जून।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत आज बालोद विकासखण्ड के ग्राम जगतरा में आयोजित स्वच्छता सप्ताह के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे एवं जनपद पंचायत बालोद के अध्यक्ष प्रेमलता साहू ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारी-कर्मचारियों के साथ श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर डॉ. कन्नौजे ने ग्रामीणों को स्वच्छता सप्ताह के उद्देश्य एवं महत्व के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने ग्रामीणों को सार्वजनिक स्थलों को साफसूथरा रखने तथा कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करने को कहा। जिससे कि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामीणों को बीमारी से मुक्त रहने हेतु गांव को गंदगी से मुक्त रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि यह सब स्वच्छता से ही संभव है। इसके अलावा गांव को साफसफाई रखने हेतु सामुदायिक सहभागिता की भी नितांत आवश्यकता है। डॉ. कन्नौजे ने कहा कि अस्वच्छता के कारण कई जलजनित बीमारियाँ फैलती है। उन्होंने कहा कि पेयजल स्त्रोत के समीप सोकपीट बनाने से जल स्तर में वृद्धि होती है। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के अंतर्गत नाडेप एवं मैजिकपीट बनाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीणों को घरों के कचरे को सार्वजनिक स्थानों पर न फेंकने तथा कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्लास्टिक कचरे के जमा होने से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ सकता है एवं इससे पौधे एवं जानवरों को नुकसान भी होता है। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों में गति लाने एवं जन-जागरूकता संबंधी गतिविधियां आयोजित करने बालोद जिले में 18 से 24 जून तक निरंतर स्वच्छता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जिले के सभी ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से मुख्य मार्ग के कचरे के अलावा चैक-चैराहे, धार्मिक स्थल, स्कूल, आंगनबाड़ी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, भवन एवं जल स्त्रोत तालाब, पैयजल स्त्रोत, हैण्डपंप के आस-पास आदि की समुचित साफसफाई की जा रही है।

# आँखों को मूंद लेने से खतरा न जाएगा वो देखना पड़ेगा जो देखा न जाएगा

## एक नजर

### 12वीं बोर्ड: पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम जारी

**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हायर सेकण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष-2024 के पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम आज जारी कर दिया गया है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुनर्गणना के कुल एक हजार 84 आवेदन एवं पुनर्मूल्यांकन के कुल 9 हजार 876 आवेदन इस प्रकार कुल 10 हजार 960 आवेदन प्राप्त हुए थे। मण्डल द्वारा जारी परिणाम में पुनर्गणना के 153 एवं पुनर्मूल्यांकन के 4 हजार 284 इस प्रकार कुल 4 हजार 437 आवेदकों के अंकों में परिवर्तन हुआ है। पुनर्गणना एवं पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मण्डल की वेबसाइट www.cgbse.nic.in पर उपलब्ध है।

### दूधाधारी बजरंग महिला कालेज में मनाया गया योग दिवस



**रायपुर, 23 जून।** शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में स्वयं और समाज के लिए योग विषय पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। संस्था प्रमुख प्राचार्य ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। अपने उद्बोधन में प्राचार्य डॉ.किरण गजपाल ने कहा कि भारतीय संस्कृति के प्राचीन धरोहर योग ने आज पूरे विश्व में अपनी पहचान बनाई है इसके द्वारा संपूर्ण विश्व अपना मानसिक, शारीरिक एवं आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। योग शिक्षिका डॉ.निष्ठा साहू ने योगासन के साथ-साथ योग के उद्देश्य की सार्थकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग स्वास्थ्य संतुलन तथा शांति की भावना को बढ़ावा देता है। कर्म योग, ज्ञान योग और भक्ति योग यह तीनों गीता में वर्णित है। युवा पर्यटन क्लब की संयोजक डॉ. शम्पा चौबे ने कहा कि योग व्यक्ति को आत्मा से जोड़ने और आध्यात्मिक जागरूकता की ओर ले जाता है यह आत्म साक्षात्कार का मार्ग है। पर्यटन विभाग की राधिका शर्मा ने यूथ क्लब के द्वारा पर्यटन जागरूकता पर विचार प्रस्तुत की।

### चेम्बर का प्रतिनिधिमंडल कृषि मंत्री से मिला



**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि 22 जून को चेम्बर का प्रतिनिधि मंडल चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में रामविचार नेताम, कृषि मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन से मुलाकात कर ट्रेडर्स व्यापारियों, किराना, दलहन एवं अनाज पर मण्डी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट प्रदान करने तथा कृषि उपज धान आधारित खाद्य प्रसंस्करण पोहा उद्योगों को राहत देने हेतु अनुरोध करते हुए पत्र सौंपा। इस संबंध में कृषि मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए उचित कदम उठाने की बात कही।

### निधन

#### सुशील मिश्रा

**धमतरी, 23 जून।** स्थानीय शिवचौक निवासी



सुशील मिश्रा पिता स्वर्गीय दशरथ लाल मिश्रा उम्र 57 वर्ष का आकस्मिक निधन 22 जून शनिवार को सुबह हो गया, अंतिम यात्रा रविवार 23 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान पोस्टआफिस वार्ड गली नम्बर 3 पूजा किराना स्टोर्स से निकाली जाएगी, वे शुभांक मिश्रा, प्रांजलि मिश्रा प्रियांसि मिश्रा के पिता, अशोक मिश्रा, अरुण मिश्रा व अनिल मिश्रा के छोटे भाई थे।



एक तरफ भाजपा के नेता विपक्षी नेताओं नेहरू- गाँधी, मुलायम और लालू यादव आदि परिवार पर राजनीतिक परिवारवाद का आरोप चुनाव के पहले लगाते रहे हैं पर हाल ही तीसरी बार एनडीए की सरकार बनाने वाले नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल में तो भाई भतीजावाद को ही प्राथमिकता दी गई है।मंत्री जे पी नड्डा (जबलपुर की पूर्व सांसद जयश्री बैनर्जी के दामाद)एचडी कुमार स्वामी(पूर्व पीएम देवेगोड़ा के बेटे)जयंत चौधरी (पूर्व पीएम चरणसिंह के पोते) रामनाथ ठाकुर (पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर के बेटे) राव इंद्रजीतसिंह(हरियाणा के पूर्व सीएम राव वीरेंद्र सिंह के बेटे) रवनीतसिंह बिट्टू (पंजाब, पूर्व सीएम बेअंत सिंह के पोते) राजनाथ सिंह (बेटा पंकज सिंह एमएल ए ) ज्योतिरादित्य सिंधिया (पूर्व केंद्रीय मंत्री माधवराव के बेटे ) चिराग पासवान (पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास के बेटे) राममोहन नायडू (पूर्व केंद्रीय मंत्रीयेरन नायडू के पुत्र) पीयूष गोयल (पूर्व केंद्रीय मंत्री वेदप्रकाश गोयल के बेटे) धर्मेंद्र प्रधान (पूर्व केंद्रीयमंत्री देवेंद्रप्रधान के बेटे) किरण रिजीजू (अरुणा चल के प्रोटम स्पीकर रिनचिन खारू के बेटे) जितिन प्रसाद (पूर्व सांसद जीतेन्द्र प्रसाद के बेटे) कीर्तिवर्धन सिँह (पूर्व मंत्री, आंनद सिंह के बेटे) रक्षा खड़से ( पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से की बहु) शांतनु ठाकुर ( पूर्व मंत्री मंजुल कृष्णा ठाकुर के बेटे )वीरेंद्र कुमार खटीक (पूर्व मंत्री गौरीशंकर शेज वार के जीजा)अन्नपूर्णा देवी (पूर्व विधायक रमेश प्रसाद यादव की पत्नी) आदि प्रमुख हैं।


### थल सेनाध्यक्ष का छग से भी रहा है नाता...

भारत के नए सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी का छत्तीसगढ़ से पुराना नाता रहा है।30 जून से नये थल सेनाध्यक्ष के तौर पर कार्यभार संभालने वाले ले.जनरल उपेंद्रद्विवेदी ने अपनी शुरुआती पढ़ाई अंबिकापुर से की है।जान कारी के अनुसार1जुलाई 1964 को जन्मे भारत के नये सेना प्रमुख उपेन्द्र द्विवेदी के पिता श्रीकृष्ण द्विवेदी का ट्रांसफ़र 1971 में तब के मप्र के अंबिकापुर में हुआ था।वे खनिज अधि कारी थे। अंबिकापुर तबादला होने के बाद पाँचवीं की पढ़ाई जनरल द्विवेदी ने सरस्वती शिशु मंदिर से की। लगभग एक वर्ष छग में रहने के बाद उनके पिता का तबादला हुआ, जिसके बाद उन्होंने रीवा के सैनिक स्कूल में छठवीं कक्षा में प्रवेश लिया और वहीं से हायर सेकेंडरी तक की पढ़ाई पूरी की। उपेंद्र द्विवेदी ने दिसंबर 1984 में सेना की इन्फैंट्री (जम्मू-कश्मीर राइफल्स) में कमीशन मिला था।भारतीय थलसेना के नए अध्यक्ष बनने वाले उपेन्द्र द्विवेदी वर्तमान में वाइस चीफऑफआर्मी स्टाफ के तौर पर कार्यरत हैं।



### मोहन भैया की छग विधानसभा से बिदाई...

छत्तीसगढ़ में श्यामा भैया, विधा भैया के बाद यदि कोई भैया कहलाया तो वह हैं 'मोहन भैया'..! हालांकि छ्ग में अजीत जोगी'साहब' कहलाते थे तो डॉ रमनसिंह 'डॉक्टर साहब' के नाम से चर्चित थे, भूपेश बघेल 'छोटे दाऊ या कका' कहे जाते थे तो डॉ चरणदास महंत 'बड़े दाऊ' के नाम से चर्चा में रहे। 8 बार के अपराजेय विधायक, रायपुर सांसद बनने के




बाद बृजमोहन अग्रवाल ने विधायक और मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, 35 साल तक विधायक बनने का भी उनका रिकार्ड है। बकरीद यानि 'कुर्बानी' का दिन ही उन्होंने इस्तीफा के लिये क्यों चुना इसको भी लेकर चर्चा है..? हालांकि उनके इस्तीफे के दिन कुर्बानी शब्द का उल्लेख उनकेमित्र पूर्व विस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने किया, लोकसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वालों में देश के टॉप टेन में जगह



बनाने वाले भाई मोहन को मोदी मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली? मप्र तथा छ्ग में लगातार राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य रहने वाले मोहन की असल में भाजपा के एक-दो बड़े नेताओं ने छ्ग की राजनीति से हटाकर कुर्बानी ही ली हैज्? छ्ग राज्य के पहले नेता प्रति पक्ष के चुनाव के घटना क्रम को लेकर उपजी नाराजगी लगता है अभी भी बनी हुई हैज्!जबकि वह 24 साल पुरानी बात है। विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव24 में भी बृजमोहन अग्रवाल ने रिकॉर्ड जीत का परचम लहराया है। रायपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय को 5 लाख 75 हजार 285 वोटों से हराया है। मोहन को छग भाजपा की राजनीति में संकट मोचन भी कहा जाता है। बृजमोहन अविभाजित मप्र में पटवा सरकार में मंत्री रह चुके हैं। इसके बाद वो रमन सरकार के तीनों कार्यकाल में मंत्री रहे।सन 1984 में भाजपा की सदस्यता ली।1988 से 1990 तक वे भाजयुमो के युवा मंत्री रहे। साल 1990 मेंपहली बार मप्र विधानसभा में विधायक निर्वाचित हुए। उस दौरान वो राज्य के सबसे युवा विधायक थे। इसके बाद तो लगातार साल 1993, 19 98, 2003, 2008, 2013 2018 और 2023 में विधायक बने।ज़ब नेता प्रतिपक्ष के चुनाव के बाद वे निलंबित हुए तो तब मप्र के सीएम दिग्विजय सिँह ने कहा था कि बिना बृजमोहन के छ्ग विधानसभा की तो कल्पना ही नहीं की जा सकती है, उस समय उनसे मिलने उनके घर विद्याचरण शुक्ल, तब के सीएम अजीत जोगी भी गये थे।पूर्व सीएम श्यामा चरण शुक्ल ने भी एक बार कहा था कि राजनीति करना तो बृजमोहन से सीखना चाहियेज उनके इस्तीफा के बाद विस अध्यक्ष डॉ रमनसिँह ने भी कहा कि बृजमोहन की याद जरूर आयेगी, कमी भी खलेगी। खैर आम-खास लोगों का मोहन अब राष्ट्रीय राजनीति में अपनी सक्रि यता दिखायेगा।



### नेता तो बस डॉ. चरण दास महंत ही हैं...!

मप्र और छत्तीसगढ़ से लोकसभा चुनाव में पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह हार गये, पूर्व सीएम कमलनाथ के पुत्र नकुल नाथ भी चुनाव हार गये, छ्ग के पूर्व सीएम भूपेश बघेल भी चुनाव हार गये पर डॉ चरणदास महंत अपनी पत्नी ज्योत्सना को दूसरी बार लोकसभा में भेजने में भी सफल रहे, ज्योत्सना ने भाजपा की राष्ट्रीय स्तर की नेत्री सरोज पांडे को हारा दिया है। मप्र और छ्ग की कुल 40 लोक सभा क्षेत्रों में केवल एक मात्र ज्योत्सना महंत ही विजयी रही है। वैसे डॉ महंत के खाते में केंद्र में मंत्री, मप्र में मंत्री, छ्ग में विधानसभा अध्यक्ष, नेता प्रतिपक्ष, छ्ग कांग्रेस के अध्यक्ष का पद दर्ज है, वे पिछली बार सीएम बनते- बनते रह गये ? अभी तक राज्यसभा सदस्य नहीं बन सके हैं।जाहिर है कि पत्नी को लोस चुनाव में जीत दिलाकर अपना कद तो बढ़ा ही लिया है।

### और अब बस...

- » गृहमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली में उर्दू, फारसी के शब्दों को हटाकर सरल हिंदी शब्द जोड़ने के लिए राज्य के अपर मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।
- » छग सरकार द्वारा निकाय चुनाव में इस बार महापौर और अध्यक्ष का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने पर विचार किया जा रहा है।

## बिजली कटौती पर कांग्रेस ने किया आंदोलन का ऐलान

**रायपुर, 23 जून।** छत्तीसगढ़ में कांग्रेस अब बिजली की व्यवस्था पर पूरे प्रदेश में बड़ा आंदोलन करने जा रही है। संगठन इसकी तैयारी में लग चुका है। इसका ऐलान प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष दीपक बैज ने कर दिया है। उन्होंने कहा कि, प्रदेश के लगभग हर जिले में बिजली कटौती हो रही है। कई गांव-मोहल्लों में घंटों पावर कट हो रही है। बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर-गांव की जनता जूझ रही हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान 24 घंटे बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी की जाती थी। जनता को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति की जाती थी



दीपक बैज ने बताया कि, रबि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफॉर्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफॉर्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशन अपग्रेड किया गया। भाजपा की सरकार में 6 महीने में ही बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है।

**जब से भाजपा सत्ता में आई बिजली गुलः** भाजपा सरकार बनने के बाद बिजली गुल होना आम बात हो गई है। जनता सड़कों पर उतरकर बिजली की मांग कर रही है। कांग्रेस सरकार के दौरान बिजली की समस्या को लेकर जनता कभी सड़कों पर उतरी नहीं थी, गर्मी के दिनों में मांग के अनुसार बिजली की आपूर्ति की जाती थी। कांग्रेस बिजली कटौती को लेकर प्रदेश में जल्द ही जन आंदोलन करेगी। पिछले 6 माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिए बंद न हो। रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रही और न ही व्यवस्थाएं। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है।

उन्होंने लोगों से भी कहा है कि कहीं भी? बिजली से संबंधित परेशानी होने पर वे शिकायतें करें। अधिकारियों पर कार्रवाई करने की बात भी दयानंद ने कहीं थी।

### मुख्यमंत्री के इलाके में सप्लाई प्रभावित, अफसरों पर कार्रवाई

जशपुर जिले में बिजली व्यवस्था में गड़बड़ी पर हाल ही में अधिकारियों पर एक्शन भी हुआ है। कुनकुरी ब्लॉक में बिजली विभाग के सहायक यंत्री आरएन साहू और कनिष्ठ यंत्री दिनेश को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित सहायक और कनिष्ठ यंत्री पर कार्य में लापरवाही और उच्च अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना का आरोप लगा है।

### ऊर्जा सचिव लगा चुके हैं फटकार

हाल ही में राजधानी समेत राज्य के कई इलाकों में बार-बार गुल होने की वजह से अफसरों को फटकार मिली है। कई जगहों पर बिजली विभाग सूचना दिए बिना ही सप्लाई बंद कर रहा है। इससे लोग परेशान हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष और ऊर्जा विभाग के सचिव पी. दयानंद ने अफसरों की बैठक लेकर इस व्यवस्था में तुरंत सुधार करने को कहा।

## रायपुर के युवा ने बनाई धमाकेदार स्पोर्ट्स टीम

रायपुरः टीमवर्क और कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए, रायपुर के रहने वाले इशाक विक्टर के नेतृत्व में टीम मोगर्स ने सुपरगेमिंग द्वारा आयोजित इंडस इन्फर्नो ईस्पोर्ट्स टूर्नामेंट में जीत हासिल की। टीम ने न केवल रु.2.5 लाख की विजेता राशि जीती बल्कि चैंपियन ट्रॉफी भी अपने नाम की। भारत के विभिन्न शहरों से आए खिलाड़ी इस टीम में शामिल थे और उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रतिभा और समन्वय का प्रदर्शन किया। कप्तान इशाक विक्टर के साथ टीम में अहमदाबाद के सार्थक रामी, कानपुर के भौमिक जायसवाल और चंडीगढ़ के जसवंत रावत शामिल थे। उनके बेहतरीन खेल ने न केवल उनके शहरों को गौरवांवित किया बल्कि भारत में ईस्पोर्ट्स खेल में उनकी बढ़ती प्रतिभा को भी उजागर किया। विशेष रूप से, जसवंत रावत को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मोस्ट वैल्यूड प्लेयर का खिताब मिला और रु.25, 000 का नकद पुरस्कार दिया गया।




## योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच ने किया योग शिविर आयोजित

**रायपुर, 23 जून।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेटी बचाओ मंच भाटागांव ने ढेवर सिटी गार्डन में महिलाओं द्वारा चलाए जा रहे योग प्रशिक्षण मैं भाग लिया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा- नियमित योगाभ्यास हमारी शारीरिक तथा मानसिक क्षमताओं में वृद्धि करता है, जिससे व्यक्तित्ववान समाज स्थापना को बल मिलता है। ऐसे स्वस्थ समाज से उन्नत राष्ट्र का निर्माण होता है। इस प्रकार योग के माध्यम से हम देश के विकास के मुख्य धारा में जुड़ते हैं।



योग प्रशिक्षिका अंजलि साहू, संदीप साहू, मंच पदाधिकारी नूरजहां, नमिता राठौर, आशा रिछारिया, रूपाली अग्रवाल, कामिनी पाल, राजकुमारी दीवान तथा क्षेत्रवासी आनंदिता, सरिता, अदिति साहू, गायत्री साहू, गुलाब साहू, मोहन दास सहित नागरिक शामिल हुए।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26